卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 91 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦8 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सीएम के रोड शो में उमड़ा सैलाब

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां पेट्रोल पंप से रोड शो की शुरुआत की गई। सीएम के स्वागत के लिए बस अड्डे पर सैकड़ो की संख्या लोग मौजूद रहे। सोमवार को सीएम धामी उत्तरकाशी पहुंचे। जहां उन्होंने रोड शो किया। सीएम के रोड शो में उत्तरकाशी नगर में जन सैलाब जुटा। रोड शो में प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गंगोत्री के विधायक सुरेश चौहान,यमुनोत्री संजय डोभाल और पुरोला विधान सभा के विधायक दुर्गेश लाल भी मौजूद थे। बड़ी संख्या में लोग यहां सीएम के स्वागत के लिए बस अड्डे पर पहुंचे। सीएम ने रोड शो के दौरान स्वागत के लिए खड़े लोगों पर फूलों की वर्षा की गई। महिलाओं ने स्वागत कलशयात्रा निकाली। बाद में सीएम धामी उत्तरकाशी में दीदी भुली महोत्सव का शुभारंभ किया साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।



## मांगों को लेकर भोजन माताओं ने निकाली रैली

गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार, को संबोधित 7सूत्रीय एक ज्ञापन भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा को सौंपा । अनाज मंडी में एकत्र हुई सैकड़ो की संख्या में भोजन माताओं द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष किलाखेड़ा महेंद्र कालड़ा के नेतृत्व में रैली निकालते हुए अपनी सात सूत्रीय मांगों के संबंध में (शेष पृष्ठ सात पर)



## धीरेन्द्र कुमार रूद्रपुर के नये कोतवाल

**एसएसपी ने किये तीन निरीक्षक और बाईस उपनिरीक्षकों के तबादले**

रूद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए तीन निरीक्षक और 22 उपनिरीक्षकों के तबादले किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीआरओ एसएसपी धीरेन्द्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक रूद्रपुर, रूद्रपुर कोतवाल विक्रम राठौर को पुलिस लाईन, रूद्रपुर, बसंती आर्या को प्रभारी कोतवाल किच्छा, उपनिरीक्षक जसवीर सिंह को एसएसपी कार्यालय से वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली बाजपुर, उपनिरीक्षक गोविंद मेहता को बाजपुर कोतवाली से प्रभारी चौकी बरहैनी, उपनिरीक्षक प्रकाश बिष्ट को प्रभारी चौकी बरहैनी से थाना आईटीआई, देवेन्द्र राजपूत को प्रभारी चौकी दोराहा से उपनिरीक्षक वाचक रीडर शाखा एसएसपी कार्यालय, सुरेन्दर सिंह को प्रभारी डीसीआरबी से प्रभारी चौकी दोराहा, विजय सिंह को प्रभारी चौकी सुल्तानपुर पट्टी से प्रभारी चौकी आदर्श कालोनी रूद्रपरु, अर्जुन गोस्वामी को कोतवाली रूद्रपुर से प्रभारी चौकी सुल्तानपुर पट्टी, नवीन बुधानी को प्रभारी चौकी कटोराताल से प्रभारी चौकी रम्पुरा, रूद्रपुर, (शेष पृष्ठ सात पर)

## डंपर की चपेट में आकर कपड़ा व्यवसायी की दर्दनाक मौत

काशीपुर/सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। साप्ताहिक हाट बाजारों में कपड़े की दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले एक कारोबारी की सुल्तानपुर पट्टी में सुबह डंपर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के वक्त मृतक जुगाड़ू स्कूटर पर कपड़े की खेप लादकर बाजपुर बाजार करने जा रहा था। पुलिस को जैसे ही मामले की सूचना मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से चांदपुर नूरपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश तथा हाल मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती काशीपुर निवासी 50 वर्षीय मोहम्मद आबिद पिछले कुछ समय से काशीपुर के मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती में किराए का कमरा लेकर क्षेत्र में लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजारों में कपड़े की दुकान लगाता था। सुबह लगभग 10:30 बजे वह जुगाड़ू स्कूटर पर एक बच्चे के साथ कपड़े की खेप लादकर बाजार करने बाजपुर जा रहा था। इसी दौरान सुल्तानपुर पट्टी में होंडा एजेंसी (शेष पृष्ठ सात पर)



### नहीं थम रहा है अवैध खनन का खेल

काशीपुर। सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक अवैध खनन से भरे डंपर मौत की मानिंद सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इस गैर कानूनी खेल में पुलिस की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जाती है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस तथा राजस्व की शह पर खनन का यह खेल लगातार चल रहा है। अवैध खनन से भर डंपरों की चपेट में आकर अकेले सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में अब तक दर्जनों की मौत हो चुकी है तो तमाम ऐसे परिवार है जो दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी होकर अपना सब कुछ गवा चुके हैं।

## लव जिहाद पर फूटा हिंदु संगठनों का गुस्सा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दूसरे समुदाय के युवक द्वारा घर में घुसकर तमंचे की नोक पर दुष्कर्म की कोशिश के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर हिंदु संगठनों के लोग भड़क गये उन्होनें कोतवाली में प्रदर्शन कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मामला बिंदुखेड़ा का है। एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान लम्बाखेड़ा निवासी तालिब पुत्र शरीफ घर में जबरन घुस गया और नाबालिग पुत्री पुत्री से कहने लगा है कि वह उसे पसंद करता है। जब उसे लड़की ने घर से जाने को कहा तो उसने तमंचा निकाल लिया और तमंचे की नोंक पर अश्लील हरकतें करने लगा। पुत्री ने शोर मचाया इसी बीच छोटी पुत्री वहां आ गयी तो उक्त तालिब तमंचा लहराते हुए जान से मारने और घर से उठाने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुयी है। इसके विरोध में हिंदु विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने (शेष पृष्ठ सात पर)



## न्याय के लिए एसएसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना की जिम्मेवार महिला कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर घायल के परिजनों ने एसएसपी कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया और एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सौंपे गये ज्ञापन में शिवनगर वार्ड नं. 8 निवासी सतीश रस्तौगी ने कहा कि 23 दिसम्बर की दोपहर को उसका पुत्र शिवानु अपने मित्र आमीर के साथ मोटर साइकिल पर सितारगंज से रुद्रपुर आ रहा था। सितारगंज गंज स्थित बाइपास मोड पर सामने से एक महिला चालक ने अपनी आई-10 कार संख्या यूके 06 ए डब्लू 4529 को तेजी एव लापरवाही से चलाते हुई मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिवानु के सिर एवं दाहिने पैर में खुली एवं गम्भीर चोटे आई। मोटर साइकिल पर पीछे बैठे आमीर भी चोटिल हो गया। घटना के बाद आस पास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने शिवानु और आमीर को इलाज के लिए सितारगंज सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। चिकित्सको ने बताया कि शिवानु के सिर में खुली चोटे गुम चोटे तथा दाहिना पैर तीन जगहो से फैक्चर हुआ है तथा कोमा में है। आमीर को प्राथमिक उपचार के बाद हास्पिटल से छुट्टी दे दी थी। लेकिन शिवानु की गम्भीर(शेष पृष्ठ सात पर)



## दमकल विभाग को मिली 95 महिला सिपाही

### छह माह के प्रशिक्षण के बाद दीक्षांत परेड में ली देश सेवा की शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पीएसी प्रांगण में छह महीने की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद सोमवार को 95 महिला रंगरूट सिपाहियों पासिंग आउट परेड में देश सेवा की शपथ ली। वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में 15 जून 2023 से उत्तराखंड पुलिस महिला आरक्षी (फायरवूमेन) का 6 माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ था। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत 95 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने दीक्षांत परेड समारोह में सम्मिलित होकर देश सेवा की (शेष पृष्ठ सात पर)







# उत्तराखंड में भाजपा के दिग्गजों ने किया चुनावी मंथन

**लोकसभा योजना की बैठक में मुख्यमंत्री धामी सहित भाजपा प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी व सांसद हुए शामिल, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोकसभा चुनाव की रणनीति पर दी जानकारी, टिकट के लिए प्रत्याशियों का रिपोर्ट कार्ड और घोषणा पत्र बनायेगी पार्टी**

देहरादून(उद संवाददाता)। बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई की अध्यक्षता में आज भारतीय जनता पार्टी संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। देश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बैठक की ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की गई। जिसमें चार सेशन हुए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भाजपा के सात प्रकार के मोर्चे हैं जो अपना-अपना काम कर रहे हैं और आगे भी चुनाव के लिए सभी मोर्चों के अपने कार्यक्रम होंगे। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में सरकार की सभी योजनाएं जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मिलकर सभी को काम करना है। 30 जनवरी तक सोशल मीडिया के सभी कार्यालय खोले जाएंगे। जबकि 24 जनवरी को नए मतदाता बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का टिकट देने के लिए मौजूदा सांसदों व पार्टी प्रत्याशियों के परफार्म का रिपोर्ट कार्ड बनाने के साथ ही घोषणा पत्र तैयार कर जनता के बीच जायेगी। उत्तराखंड में वर्ष 2014 से लोकसभा की सभी पांचों सीटों पर काबिज भाजपा के सामने अब हैट्रिक लगाने की चुनौती है। प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी की रविवार को हुई लोकसभा योजना बैठक में आगामी रणनीति को अंतिम रूप देते हुए मार्च तक के कार्यक्रम निर्धारित किए गए। चुनाव अभियान में पार्टी के ग्राम प्रधान से लेकर मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक सभी प्रतिनिधि और बूथ से लेकर प्रांत स्तर तक के पदाधिकारी बूथ स्तर तक मोर्चा संभालेंगे। प्रत्येक बूथ पर पार्टी नेता एक दिन प्रवास करेंगे। चुनाव अभियान में पार्टी के सभी सातों मोर्चों की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाया गया है। राजपुर रोड स्थित होटल मधुबन में करीब आठ घंटे तक चली भाजपा की लोकसभा योजना की बैठक में चार सत्रों में गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर बैठक के लिए विशेष रूप से पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय रणनीति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ताकत से जुटना होगा। बैठक का पहला सत्र प्रदेश के राजनीतिक, सामाजिक व प्रशासनिक परिदृश्य पर केंद्रित था। इसमें राज्य के मुद्दे व इनका समाधान, केंद्र व राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता की प्रतिक्रिया जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों की विस्तार से जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं ने राज्य में भाजपा सरकारों के प्रति जनता के विश्वास को अधिक प्रभावी बनाया है। बैठक का दूसरा सत्र सांगठनिक तैयारी, तीसरा अभियानों की गतिविधि और चौथा सत्र चुनावी दृष्टि से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार का था। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने बैठक की समाप्ति के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा का चुनावी अभियान दिल्ली से चलकर अब प्रांतों में आया है। इसी क्रम में उत्तराखंड की लोकसभा योजना बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि राज्य में लोकसभा की प्रत्येक सीट को पांच लाख से ज्यादा मतों से जीतने के संकल्प के साथ बैठक समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्य में बूथों का वर्गीकरण किया है। अधिसंख्य बूथ ऐसे हैं, जिन्हें पार्टी वर्ष 2014 से लगातार जीतती आ रही है। इन्हें ए श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा बी श्रेणी में ऐसे बूथ हैं, जिनमें पिछले चुनावों में पार्टी को एक बार आशानुरूप सफलता नहीं मिली। ऐसे बूथों को ए श्रेणी में लाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में चुनावी दृष्टि से मार्च तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों से लेकर पन्ना प्रमुख तक की जिम्मेदारी तय की गई है। चुनावी अभियानों में सभी मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, उनके कार्यक्रम तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लोकसभा सीट की क्लस्टर बैठक, फिर लोकसभा व विधानसभा स्तर की बैठकें होंगी। गौतम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन का काम पार्टी के संसदीय बोर्ड का है। जिस तरह पार्टी हर वर्ग, जाति, समुदाय से सुझाव ले रही है, उसी तरह प्रत्याशी चयन के बारे में भी सुझाव लिए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व और भाजपा सरकारों के कार्यों पर जनता का विश्वास हमारे साथ है। लिहाजा, लोकसभा चुनाव के सभी पिछले आंकड़ों को तोड़कर भाजपा राज्य की सभी सीटें भारी बहुमत से जीतेगी। भट्ट ने कहा कि पार्टी ने बड़ी संख्या में लोगों को साथ जोडने का निश्चय किया है। ऐसे में आने वाले दिनों में अन्य दलों के जो लोग भाजपा की रीति-नीति में विश्वास करते हैं, उनके लिए पार्टी पार्टी के दरवाजे खुलेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में भू कानून और मूल निवास के मुद्दे पर भी सामान्य रूप से चर्चा हुई। इस बात पर जोर दिया गया कि इन विषयों से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से मंथन कर कदम बढ़ाए जाएं। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत व तीरथ सिंह रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, अजय टम्टा व डा कल्पना सैनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, मदन कौशिक व बिशन सिंह चुफाल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी व राजेंद्र बिष्ट, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, डा धन सिंह रावत सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, रेखा आर्या व सौरभ बहुगुणा, दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, सुरेश भट्ट, कुलदीप कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर आदि मौजूद रहे।





# सिडकुल की फैक्ट्री में की छापेमारी अवैध प्लास्टिक का जखीरा पकड़ा

**फक्ट्री को किया सील, दस लाख जुर्माना लगाया**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में प्रतिबंधित प्लास्टिक का निर्माण करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। कमिश्नर के आदेश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम की संयुक्त की टीम ने छापामारी कर कार्रवाई की। फैक्ट्री सील कर 10 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। सिडकुल पंतनगर के सेक्टर आइआइडीसी की फैक्ट्री जय दुर्गा पैकर्स विभिन्न उत्पादों के लिए पैकेजिंग प्लास्टिक बनाने का काम करती है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी ने पालिथीन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी कम्पनी में लंबे समय से उत्पादों के पैकेट बनाने के अलावा पालिथीन का निर्माण भी चल रहा था। कुछ माह पूर्व भी शिकायत मिलने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जुर्माना लगाया था। करीब एक माह पहले कंपनी की ओर से पैकेजिंग के लाइसेंस का हवाला देते हुए काम शुरू कर दिया गया था। पीसीबी को फिर से इसी कंपनी में व्रतिबंधित प्लास्टिक यानी पालिथीन निर्माण हाने की सूचना मिली। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि रविवार को नगर निगम रूद्रपुर की टीम संग जय दुर्गा पैकर्स कंपनी में छापेमारी की गई। मौके पर मामला सही पाया गया। उत्पादों के पैकेजिंग पैकेट बनाने के नाम पर कंपनी प्रतिबंधित प्लास्टिक पालिथिन का निर्माण कर रही थी। जिस पर कंपनी को सील कर दिया गया। बताया की 10 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसी के साथ केंद्रीय स्तर की कार्रवाई भी की जाएगी। मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। इस मौके पर नगर आयुक्त एनसी दुर्गापाल, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, दीपक गोस्वामी आदि मौजूद थे।



# महंत श्री हरिगिरि महाराज और सेवादार की हत्या में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बंद रहेगा सुरई इको टूरिज्म जोन,पुलिस ने की कॉबिंग**

खटीमा। भारामल मंदिर के महंत श्री हरिगिरि महाराज और उनके सेवादार की हत्या के मामले में झनकईया थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच झनकईया थानाध्यक्ष को सौंपी गई है। कासिमपुर, बीसलपुर (पीलीभीत) निवासी श्री हरिगिरि महाराज के बड़े भाई सुखलाल पुत्र पुरनलाल ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि अज्ञात हमलावरों ने उनके भाई के अलावा सेवादार रूप सिंह बिष्ट की हत्या कर दी। इसके अलावा दूसरे सेवादार नन्हे पर भी जान से मारने की नीयत से हमला किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध हत्या और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोहरे हत्याकांड की जांच झनकईया थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट को सौंपी गई है। इधर, रविवार को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती घायल नन्हे का पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी रहा। जांच में जुटी पुलिस ने रविवार को भी यूपी समेत अन्य स्थानों पर हमलावरों की तलाश में दबिश दी। वन विभाग के साथ सुरई के जंगलों में कांबिंग भी की। वन विभाग के 34 कैमरा ट्रैप की चिप निकालकर जांच की गई, लेकिन कोई महत्वपूर्ण सुराग हाथ नहीं लगे। श्री हरिगिरि महाराज और



उनके सेवक की हत्या के खुलासे में जुटी पुलिस और वन विभाग की टीम सुरई वन क्षेत्र में संयुक्त कांबिंग कर रही हैं। इसके चलते सुरई इको टूरिज्म जोन पर्यटकों के बंद कर दिया गया है। अब हत्याकांड के खुलासे के बाद ही टूरिज्म जोन पर्यटकों के लिए खुलेगा। सुरई रेंज के घने जंगलों में स्थित भारामल मंदिर में बृहस्पतिवार मध्यरात्रि महंत श्री हरिगिरि महाराज और उनके सेवक रूपा की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों के सुरई रेंज के जंगलों में छिपे होने और जंगल के प्रवेश द्वारों से भागने की आशंका को देखते हुए शुक्रवार को नाकाबंदी कर दी गई थी। सुरई रेंज के जंगल के सभी प्रवेश द्वारों पर वन विभाग और पुलिस कर्मी तैनात रहे। इसके साथ सुरई इको टूरिज्म जोन में पर्यटकों को जाने से रोक दिया गया। हालांकि संयुक्त कांबिंग के बावजूद टीम के हाथ कोई सुराग नहीं लगे। वन क्षेत्राधिकारी आरएस मनराल ने बताया कि दोहरे हत्याकांड के खुलासे के बाद टूरिज्म जोन को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। श्री हरिगिरि महाराज के निधन के साथ ही भारामल मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए बनाया जा रहा है। तालाब का निर्माण भी रुक गया है। लोगों ने बताया कि श्री हरिगिरी महाराज मंदिर परिसर में तालाब का निर्माण करवा रहे थे। इसमें कमल के फूल आदि लगाने के कार्य किए जाने थे। श्री हरिगिरि महाराज समय से इस तालाब का निर्माण करवाने के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। लेकिन तालाब का निर्माण पूरा होने से पहले उनका निधन हो गया।

# किसानों के भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 160 दिन पूरे

बाजपुर (उद संवाददाता)। बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि पर भूमिधरी अधिकारी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का तहसील परिसर में चल भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को रविवार को 160 दिन पूरे हो गए है। लेकिन कड़ाके की ठंड के बावजूद आंदोलनकारी किसानों, मजदूर व व्यापारियों के हौसले बुलंद है। रविवार को भूमिधरी अधिकार मिलने तक संघर्ष के संकल्प को लेके धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि जब तक भूमिधरी अधिकार नहीं मिल जाते तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि तहसील परिसर में शांतिपूर्वक सत्याग्रह जारी है और मुख्यमंत्री के आश्वासन के अनुरूप सभी बाजपुर वासियों को शीघ्र समाधान की उममीद है। बाजपुर के किसान, मजदूर व्यापारी अपने वाजिब अधिकारी की लड़ई लड़ रहे है। रविवार को भाकियू एकता उग्राहा के सुबेग सिंह, बलविंर सिंह, छत्रपाल सिंह, गुरविदंर सिंह, व हरविंदर सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे। जिन्हे जगतार सिंह बाजवा, भाकियू एकता उग्राहा के प्रदेश अध्यक्ष बलली सिंह चीमा ने माला पहनाकर अनशन पर बैठाया।

# युवक पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने युवक पर उसकी पत्नी व बच्चे को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह 12 अक्टूबर 2023 की रात्रि को ई-रिक्शा चलाने गया हुआ था। इस दौरान रात्रि करीब 11:30 बजे अजीगंज रोड स्थित राजडेल कालोनी निवासी दिनेश सिंह ठाकुर उर्फ राणा उसकी पत्नी व पांच वर्षीय पुत्र को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी व बच्चा गायब होने पर उसने खोजबीन के बाद जब दिनेश सिंह ठाकुर उर्फ राणा को फोन किया तो वह कहने लगा कि वह उसकी पत्पी और बच्चे को लेकर वैशाली पंजाब आ गया है अब तुम हमारा पीछा मत करना। अगर तुमने कोई कानूनी कार्यवाही की तो तुम्हें व तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मरवा दूंगा। मामले में पुलिस को भी तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचला, हालत गंभीर

हल्द्वानी। तेज रफ्तार ट्रक का एक बार फिर से कहर देखने को मिला है। हल्द्वानी में राष्ट्रीय राजमार्ग में हाट बाजार के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक के पैर में ट्रक का टायर चढ़ा दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।मिली जानकारी के मुताबिक तहसील कार्यालय के पास साप्ताहिक हाट बाजार के सामने ही युवक खड़ा था। इतने में हल्द्वानी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक के पैरों के ऊपर ट्रक के टायर चढ़ा दिए। जिसके चलके युवक का पैर बुरी तरह कुचल गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा ने 108 को बुलाया लेकिन लालकुआं की 108 खराब होने के कारण नहीं पहुंच पाई तो मोटाहल्दु की 108 सेवा को बुलाया गया। इस दौरान युवक के पैर से काफी खून बह चुका था।जानकारी मिलने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं के चिकित्साधिकारी डॉ लव पांडे मौकेपर पहुंचे और उन्होंने युवक के पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके पैर का हल्का ट्रीटमेंट करने के बाद उसे अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। युवक की शिनाख्त मान सिंह सागर पुत्र खीम सिंह उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। युवक नेशनल हाईवे के किनारे वार्ड नंबर 6 में बैग की दुकान के स्वामी का भाई है। बताया जा रहा है कि युवक सड़क को पार कर रहा था इसी दौरान ये हादसा हो गया।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान (बेसमेंट सहित) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# नामचीन ज्योतिषियों से भविष्य जानने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

देहरादून। राजधानी देहरादून में आयोजित अमर उजाला ज्योतिष महाकुंभ को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। दो दिवसीय महाकुंभ का शुभारंभ रविवार को राज्य राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह (सेनि) किया। इसी के साथ ज्योतिषियों से निशुल्क परामर्श लेने के सिलसिला भी शुरू हुआ। छठे ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन इस वर्ष भी ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी परिसर में ही किया गया। महाकुंभ में देश के नामचीन ज्योतिषी निशुल्क परामर्श दे रहे हैं। अगर आपके पास कुंडली नहीं है तो मौके पर ही यह सुविधा भी मिलेगी। वास्तु संबंधी परामर्श के लिए घर का नक्शा लेकर आना होगा। महाकुंभ के शुभारंभ के साथ ही आम लोगों के लिए निशुल्क परामर्श सुविधा शुरू कर दी गई। इस दौरान हस्तरेखा, कुंडली विशेषज्ञ, टैरो कार्ड रीडर, न्यूमैरोलॉजी, हस्ताक्षर के साथ ही वास्तु के विशेषज्ञ परामर्श के लिए ले रहे हैं। महाकुंभ में लाल किताब के विशेषज्ञ आचार्य जीडी वशिष्ठ, पंडित केए दूबे पद्मेश, आचार्य इंदु प्रकाश, पंडित अजय भांबी, आचार्य डॉ. वाई राखी, पंडित पुरुषोत्तम गौड़, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, आचार्य आनंद, हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित लेखराज शर्मा, वास्तुविद् पंडित सतीश शर्मा, हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, विभा शर्मा, अवधेश पांडे, आचार्य सिमरन समेत देश के नामी ज्योतिषी होंगे। सम्मेलन के शुभारंभ पर राज्यपाल ने कहा कि ज्योतिष ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से समाज मे समरसता लाई जा सकती है। कहा कि मेडिकल साइंस की तरह ही ज्योतिष भी विज्ञान है, बस इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज के सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष बताएं कि हर भारतीय में क्या गुण, क्या स्किल हैं। इस विधा से हम भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। कहा कि हम सबके भीतर एक ज्योतिष छुपा हुआ है। इस मौके पर पंडित के ए दुबे पद्मेश ने कहा कि ज्योतिष विज्ञान भी है और कला भी है। वहीं पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि खगोल के बिना ज्योतिषीय गणना नहीं हो सकती। आचार्य जीडी वशिष्ठ ने कहा कि धरती का सबसे बड़ा सत्य ज्योतिष है। हमारा पूरा शरीर, आत्मा , कर्म जन्मकुंडली के अंदर बैठे ग्रह कराते हैं।





# इन्फ्लुएंजा के चार नए मरीज मिले

देहरादून(उद संवाददाता)। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की कोविड और इन्फ्लुएंजा की जांच की जा रही है। रविवार को कोविड की 63 जांच हुईं। सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव है। वहीं, इन्फ्लुएंजा के चार नए मरीज मिले हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें एक बुजुर्ग और तीन वयस्क हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीएस रावत ने बताया कि रविवार को इन्फ्लुएंजा के चार मरीज मिले हैं। इसमें एक मरीज इंदिरेश अस्पताल, एक मरीज कैलाश अस्पताल और दो मरीज दून अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इन सभी मरीजों के इन्फ्लुएंजा-ए पॉजिटिव होने की जानकारी दी है। मरीजों की एच-1 एन-1 रिपोर्ट पॉजिटिव के बारे में रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। इन दिनों कोविड के साथ ही स्वाइन फ्लू का खतरा भी बढ़ गया है। मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों को इन्फ्लुएंजा-ए पॉजिटिव ही बताया जा रहा है। जबकि इन्फ्लुएंजा पॉजिटिव आने पर इन्फ्लुएंजा के सब टाइप की जांच की जाती है। इन्फ्लुएंजा के सब टाइप स्वाइन फ्लू को प्रजेंट करते हैं। शनिवार को भी जिले में इन्फ्लुएंजा के छह मरीज मिले थे। यह सभी मरीज अस्पतालों में भर्ती किए गए थे। जिले में रोजाना इन्फ्लुएंजा के मरीज बढ़ रहे हैं। पिछले दो दिन में 10 मरीज मिल चुके हैं।

# बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ रहने के लिए चल रही उपचारात्मक कक्षाएं

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका विद्यालय सितारगंज में 10 वीं और 12 वीं की उपचारात्मक कक्षाएं चलाई जा रही हैं। साइंस व अंग्रेजी जैसे विषयों में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु विद्यालय की बालिकाओं को विद्यालय समय से पहले 2 घंटे पहले ही अतिरिक्त शिक्षिकाओं द्वारा कक्षाएं संचालित की जा रही है जिसका मुख्य कारण 10वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करवाना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना पाठक ने बताया कि विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षिकाओं को 3 माह के लिए रखा गया है जिससे कि वे छात्राओं की उपचारात्मक कक्षा दिलवा सकें। उन्होंने बताया कि ये कक्षाएं 1दिसंबर से चलाई जा रही हैं जिसकी अवधि 3 माह की है जो कि 28 फरवरी तक चलेंगी। प्रधानाचार्या अर्चना ने कहा कि जो छात्राएं विद्यालय में पूर्ण रूप से विषय को समझ नहीं पाती हैं, इन अतिरिक्त कक्षाओं के द्वारा उनका विकास हो सकेगा और बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक से छात्राएं पास होंगी। जिससे कि अपने विद्यालय की छात्राओं को अच्छे अंकों से पास करवाने का हमारा उद्देश पूर्ण हो सकेगा।

# दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर शोक संतप्त परिवारों से मिलने पहुंची, जहां उन्होंने दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी, और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा खेड़ा पहुंची, जहां उन्होंने पूर्व क्रिकेटर मकबूल अहमद की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया,यहां श्रीमती शर्मा के साथ उमर अली सलमानी,रियाज अहमद,नूर अहमद,इकरार अहमद,इदरीस अहमद,आदि उपस्थित थे। बाद में श्रीमती शर्मा भाजपा नेता और मंडी समिति के अध्यक्ष केव केव दास के आवास एलाइंस कॉलोनी पहुंची, जहां पिछले दिनों भाजपा नेता के. के. दास की पत्नी की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद श्रीमती शर्मा, सिंह कॉलोनी निवासी प्रेम खुराना की दिवंगत पत्नी के भोग कार्यक्रम में रुद्रा होटल के पास स्थित गुरुद्वारा पहुंची, जहां उन्होंने रस्म पगड़ी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यहां से श्रीमती शर्मा आवास विकास पहुंची, जहां जनता इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र सिंह रावत की पत्नी की मृत्यु पश्चात आयोजित 13वीं संस्कार कार्यक्रम में भाग किया। यहां से श्रीमती शर्मा ट्रांजिट कैंप गोलमड़ैया पहुंची, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित व्यापारी मुकेश ज्वेलर्स से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि मुकेश रस्तोगी की माता जी का पिछले दिनों स्वर्गवास हो गया था,और उस वक्त श्रीमती शर्मा अपने निजी राजस्थान दौरे पर थी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,सुमित राय, संजीव रस्तोगी, रामाधारी गंगवार,रामप्रसाद, दिनेश मौर्य अरविंद सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# रुद्रपुर की टीम ने किच्छा को हराकर ट्रॉफी कब्जाई

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में सुस्त पड़ी खेल गतिविधियों को जीवंत करने के लिए सीनियर क्रिकेट संगठन किच्छा के तत्वाधान में किच्छा शुगर कंपनी के खेल मैदान में सीनियर क्रिकेटर टीमों के बीच एक क्रिकेट मैच सिंह मर्तोलिया द्वारा किया गया इससे पूर्व अधिशासी निदेशक ने सीनियर क्रिकेटरों का परिचय लिया तथा अच्छे खेल के लिए उत्साहित किया उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुगर फैक्ट्री के खेल मैदान का रख को विभिन्न प्रकार के आयोजन करने चाहिए। सीनियर क्रिकेटरों के बीच 20-20 ओवर का मैच खेला गया जिसमें किच्छा क्रिकेट सीनियर क्रिकेटर टीम ने टॉस जीतकर रुद्रपुर सीनियर क्रिकेट टीम को पहले बल्लेबाजी के हासिल कर ली। मैच का मैन ऑफ द पुरस्कार जसवीर सिंह को दिया गया जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित अधिशासी निदेशक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए सीनियर




खेला गया जिसमें सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की टीम ने किच्छा सीनियर क्रिकेटर टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीनियर क्रिकेटर्स द्वारा किच्छा शुगर चीनी मिल में आयोजित क्रिकेट मैच का उद्घाटन मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक रखाव एवं मरम्मत के लिए मिल प्रबंधन द्वारा जितना भी हो सकेगा सहयोग किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेलों के माध्यम से विभिन्न प्रतिभाएं उभर कर आ रही हैं तथा राज्य और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किच्छा में भी खेल गतिविधियां को बढ़ावा देने के लिए सीनियर खिलाड़ियों लिए आमंत्रित किया ।जिसमें निर्धारित ओवर में रुद्रपुर सीनियर क्रिकेट टीम ने विशाल स्कोर खड़ा कर अपने खेल के दोनो का आगाज किया जवाब में किच्छा सीनियर क्रिकेटर टीम ने भी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया किंतु कांटे के मुकाबले में रुद्रपुर सीनियर क्रिकेट टीम ने जीत क्रिकेट टीमों के मैच का आयोजन करने के लिए भूपेंद्र सिंह पोखरिया एवं त्रिलोक सिंह जीना को सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक भूपेंद्र सिंह पोखरिया अवतार सिंह, योगेश अरोड़ा, अनिल ठाकुर, के अलावा मैच के अंपायर चंदन सिंह दानू और इब्राहिम को भी सम्मानित किया गया।

# समस्याओं को लेकर मंडी परिषद अध्यक्ष से मिले आढ़ती

गदरपुर(उद संवाददाता)। आढ़ती एसोसिएशन अनाज मंडी गदरपुर का एक प्रतिनिधि मंडल नवीन मंडी में शेष बची दुकानों के आवंटन एवं अन्य समस्याओं के सम्बंध में मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू से मिला। आढ़ती एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल हल्द्वानी में मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू एवं प्रबंध निदेशक बीएस चलाल से मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उन्हें अवगत करवाया गया



कि नवीन मंडी में अभी शेष 20 आढ़ती व्यापारियों को दुकानें आवंटित नहीं की गयी है। दुकानों का शीघ्र आवंटन किया जाए । इसके अतिरिक्त मंडी में शैड निर्माण, फड़, कैन्टीन आदि अन्य समस्या जैसे पुरानी मंडी को अवमुक्त किये जाने की भी मांग की गयी। इस सम्बंध में मंडी परिषद अध्यक्ष ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# अंकिता की मां का वीडियो वायरल, फिर हमलावर हुई कांग्रेस

## माहरा ने दी खुली बहस की चुनौती: अंकिता भंडारी के माता पिता के आरोपों की हो उच्च स्तरीय न्यायिक जांच



"मेरी खुली चुनौती है! यदि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी में जरा सा भी नैतिक बल है तो अपने मंत्रियों, विधायकों पर कार्रवाई करके दिखाएं, आपको खुले मंच पर बहस की चुनौती देता हूं, आइए नैतिकता पर बात करेंगे, कानून व्यवस्था पर बात करेंगे, रामलला पर भी बात करेंगे, यदि सीएम पुष्कर सिंह धामी आपमें नैतिक बल या आपके प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट में नैतिक बल, तो करिए, अपने मंत्रियों पर कार्रवाई और कराइए अंकिता भंडारी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच।"

**-करन माहरा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उत्तराखंड।**

## अंकिता भंडारी की मां ने दी धरने पर बैठने की चेतावनी,वीआईपी का भी बताया नाम!

देहरादून (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी की मां का एक वीडीयो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वो बेहद आक्रोशित होकर रोते हुए अपनी पीड़ा को बयां करते हुए कई गंभर आरोप लगाये है। इतना ही नहीं वनंतरा रिसार्ट में बुल्डोजर चलाने वालों और वीआईपी नाम के बारे में बता रही हैं। अंकिता की मां ने वीडियो में अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच को लेकर दबाव बनाकर उनके वकील को परेशान करने का आरोप लगाया है। वीडियो में अंकिता की मां ने रोते बिलखते हुए सनसनीखेज आरोप लगाते हुए सीएम धामी और पीएम मोदी पर भी गंभीर टिप्पणी की है। अंकिता की मां के वायरल वीडियो को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने फेसबुक पर भी पोस्ट किया है। साथ ही राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मामलेकी उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो प्रदेशभर में प्रदर्शन किया जायेगा। जिसके बाद इस मामले में कांग्रेस राज्य सरकार पर एक बार फिर से हमलावर होती नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इ मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अंकित भंडारी के पिता का पौड़ी जिलाधिकारी को लिखा पत्र भी मीडिया से मुखातिब किया। अंकिता की मां ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में अंकिता केस की पैरवी कर रहे आशुतोष नेगी पर फर्जी मुकदमा और उनकी पत्नी का ट्रांसफर ऑर्डर रद करने, हाईकोर्ट में जेसीबी ऑपरेटर दीपक के बयान पर भाजपा विधायक रेणु बिष्ट, तत्कालीन एसडीएम और संबंधित पुलिस अधिकारी पर एफआईआर , वीआईपी में आरएसएस के नेता अजय कुमार पर जांच की मांग की गई और पौड़ी कलेक्टर भवन में सोमवार को धरना देने की चेतावनी दी गई।



देहरादून(उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर एक बार फिर सियासी आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। सोशल मीडिया पर अंकिता की मां का वीडियो वायरल होने और कथित वीआईपी का नाम उजागर करते हुए जांच की मांग की गई है। वहीं अंकिता हत्याकांड को लेकर आए नए घटनाक्रम पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अंकिता भंडारी के पिता ने जिलाधिकारी पौड़ी को पत्र लिखकर व अंकिता की मां ने वीडियो बयान में जो गंभीर आरोप लगाए हैं, प्रदेश सरकार उनकी व्यापक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने का साहस दिखाएं। करन माहरा ने 14 ,15 और 16 जनवरी को अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश भर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने का ऐलान किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश में बढ़ते महिला उत्पीड़न को लेकर एनसीबी की रिपोर्ट के बारे में जिक्र कर कहा कि हिमालय राज्यों में उत्तराखंड महिला उत्पीड़न में पहले नंबर पर है। इसके साथ ही उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी को महिला उत्पीड़न, राम मंदिर और सुरक्षा व्यवस्था पर खुली चर्चा करने की चुनौती दी है। प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने चंपावत मंडल अध्यक्ष कमल रावत, पूर्व भाजपा विधायक महेश नेगी, पूर्व संगठन महामंत्री व पार्टी नेता विनय गोयल से जुड़े चर्चित मामलों का उल्लेख करते हुए भाजपा को घेरा। माहरा ने इन खबरों की पुष्टि करने वाले समाचार पत्रों की कटिंग प्रेस के समक्ष रखी। महारा ने कहा कि वर्तमान में अंकिता भंडारी के परिजनों ने उसकी हत्या के सवा साल बाद यदि भाजपा के पदाधिकारी पर वीआई पी होने का आरोप लगाया है तो उनके पास उसके जरूर कोई पुष्ट आधार होंगे, जिन आधारों की जांच होनी चाहिए। माहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष कमल रावत कई महीनों तक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा। माहरा ने भाजपा देहरादून के पूर्व महानगर अध्यक्ष विनय गोयल के महिलाओं के संदर्भ में तीन निम्न स्तर के बयान बाजी की थी। जिसका वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ था। महारा ने कहा कि द्वाराहाट के भाजपा विधायक महेश नेगी पर वही की एक महिला ने अपनी बच्ची के पिता होने का गंभीर आरोप लगाया और डीएनए जांच की मांग करी लेकिन प्रचंड बहुमत की सरकार होते हुए भी भाजपा सरकार ने उस मातृशक्ति की एक नहीं सुनी और डीएनए जांच की बात ठंडा बस्ती में चली गई। प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने पूर्व संगठन महामंत्री संजय कुमार पर भाजपा की ही एक महिला कार्यकर्ता द्वारा तीन साल तक यौन उत्पीड़न की शिकायत की गई थी जिसकी स्वीकारोक्ति इस बात से होती है कि रातों-रात गुपचुप तरीके से संजय कुमार को भी पद मुक्त कर उत्तराखंड से बेदखल कर दिया गया।

# बिना सबूतों के चरित्र हनन से बाज आयें कांग्रेस नेता : महेंद्र भट्ट

## निराशा और हताशा का परिणाम हैं कांग्रेस के अमर्यादित बोल: चौहान

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस द्वारा उसके नेताओं पर अनर्गल आरोप और अमर्यादित बोल को लगातार मिल रही हार और खीज का परिणाम बताया है। मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस निम्न स्तर की राजनीति कर रही है। भट्ट ने कहा कि ने कहा कि कांग्रेस बेटी का अपमान कर रही है। यह मामला कोर्ट में चल रहा है, जो भी कहना हो कोर्ट में कहे। उन्होंने कांग्रेस को चेतावनी दी कि बिना सुबूत उनके नेताओं के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाने पर पार्टी कानूनी कार्यवाही का रास्ता तलाशेगी। अंकिता हत्याकांड मे कांग्रेस को न दिवंगत बेटी अंकिता और न ही उस परिवार से कांग्रेस को कोई लेना देना है, बल्कि वह शुरुआत से ही किसी न किसी तरह इसके जरिये भाजपा नेताओं को निशाने पर लेकर दुष्प्रचार को हवा दे रही है। उन्होंने कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व मे अंकिता के परिजनों द्वारा कांग्रेस की हर सुझाव को ठुकराने के बाद एकाएक वह कैसे चरित्र हनन की राजनीति पर उतारू हो गयी। कांग्रेस ने पहले भी यात्रा निकाली और तब उसे न अंकिता के परिजनों ने शिरकत की और न ही उसे स्थानीय स्तर पर कोई सहयोग मिला। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा गुस्से मे गढवाल की जनता पर थूक बैठे। इस बार अंकिता के परिजनों के द्वारा आवेश मे कुछ आरोपों को ढाल बनाकर कांग्रेस अब भाजपा के नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र कर उनके खिलाफ चारित्रिक रूप से बदनाम करने की साजिश कर रही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि अंकिता के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए जांच एजेंसियों ने कोई कसर नही छोड़ी है। वहीं परिजनों के साथ भी प्रशासन से लेकर सीएम स्तर तक संवाद बना हुआ है। परिजनों के द्वारा अब तक जिस तरह से जांच मे सहयोग की मांग की गयी उसे समय पर पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि परिजनों के द्वारा जो भी आरोप लगाए गए जिन्हे आधार बनाकर कांग्रेस हवा दे रही है, असल मे वह आवेश मे कही गयी बात है। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के मजबूत इरादों से राज्य मे भय और भ्रष्टाचार समाप्ति की ओर है। अंकिता ही नही, बल्कि हर बेटी राज्य की जिम्मेदारी है।






# पिथौरागढ़ की टीम ने जीता क्रिकेट का उदघाटन मैच

## 13 वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय /वाहिनी पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, आयोजन सचिव के पर्यवेक्षण में यहां अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गोलापार में 13वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय / वाहिनी पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपक रावत कमिश्नर कुमाऊं के द्वारा किया गया। कमिश्नर एवं एस एसपी द्वारा जनपदों से आये सभी टीम



प्रबंधकों के साथ भेंट की गई। सभी टीमों को कमिश्नर कुमाऊं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता को खेल भावना से खेले जाने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही एसएसपी द्वारा सभी को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं गई। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून हरिद्वार, पिथौरागढ़, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, उत्तरकाशी, ऊधम सिंह नगर, 31वीं वाहिनी पीएससी, 40 वीं वाहिनी पीएससी, 46 वीं वाहिनी पीएससी, आईआरबी द्वितीय, एसडीआरएफ, जीआरपी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।क्रिकेट प्रतियोगिता के मैचों का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार, यूथ क्लब क्रिकेट ग्राउंड मुखानी एवं कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा कालाढूंगी में किया जा रहा है। गोलापार स्टेडियम में शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कमिश्नर कुमाऊं एवं आयोजन सचिव एसएसपी द्वारा टॉस कराकर मैच प्रारंभ करवाया। उन्होंने मैच की शुरुआत क्रिकेट बैट से शॉट्स लगाकर की। प्रथम दिवस गौलापार स्टेडियम में पिथौरागढ़ ने जीआरपी 20 रनों से जीता हासिल की। यूथ क्लब क्रिकेट ग्राउंड मुखानी में ऊधमसिंहनगर ने टिहरी गढ़वाल को 37 रनों से हराया। कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुआ कालाढूंगी में उत्तरकाशी ने बागेश्वर को 6 रनों से पराजित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान डॉ0 जगदीश चन्द् एसपी क्राइम/ ट्रैफिक, हरबंस सिंह एसपी सिटी ,भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ सिटी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, नितिन लोहनी सीओ ऑपरेशंस, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक नैनीताल, संजीव तिवारी निरीक्षक एलआईयू, उमेशकुमार मालिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम, प्रमोद पाठक, थानाध्यक्ष मुखानी, दिनेश जोशी, पीआरओ एसएसपी समेत प्रतियोगिता प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य तथा सभी जनपद/वाहिनियो से आए पुलिस दर्शक मौजूद रहे।

# भाजयुमो ने चलाया दीवार लेखन कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मुखानी मण्डल में दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने मुखानी क्षेत्र के तमाम हिस्सों में दीवारों पर कमल का चिन्ह बनाया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कार्यकर्ताओं का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं को बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मोदी




का मिशन 400 पार का लक्ष्य इस बार पूरा होने जा रहा है। जिसमें सभी को मेहनत करनी है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज बिष्ट , युवा मोर्चा जिला महामंत्री कुलदीप कुल्याल, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष भुवन आर्या, मण्डल महामंत्री त्रिलोक निगल्टिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# देवभूमि फाउंडेशन टीम को कोटा राजस्थान में मिला द्वितीय राष्ट्रीय सम्मान

किच्छा( उद संवाददाता)।देवभूमि फाउंडेशन टीम के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र को कोटा राजस्थान में द्वितीय राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि ये सम्मान पूरी देवभूमि फाउंडेशन टीम का




सम्मान है। ये सम्मान दिलजीत सिंह के अथक प्रयासों का फल है। देवभूमि फाउंडेशन लगातार रक्तसेवा करने में लगी है जिससे लगातार लोगों की जान को बचाया जा रहा है। देवभूमि फाउंडेशन रक्त सेवा के साथ साथ एंबुलेंस सेवा ,लावारिश घायल पीड़ितों का इलाज घायल बेजुबानों का इलाज करा रही है।देवभूमि फाउंडेशन आप सभी से ये आग्रह करती है आप सभी ब्लड डोनेशन के लिए आगे आए लोगों की जान बचाए।

# कौशल्या मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव प्रांगण में स्थित कौशल्या मंदिर परिसर से राम भक्तों द्वारा राम मंदिर उद्घाटन के परिपेक्ष में भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें समिति के महिला पुरुष के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ो भक्तजनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इससे पहले पूर्व संध्या को मंदिर परिसर में भव्य सुंदरकांड का पाठ किया गया एवं पूजित अक्षर घर-घर वितरण किए गए। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर समिति के गेट नंबर एक से मुख्य मार्ग होते हुए दक्ष चौराहा, कस्तूरी वाटिका, बगवाड़ा रोड होते हुए गेट नंबर दो से पुन: मंदिर परिसर में समापन किया गया। शोभा यात्रा में राम दरबार को प्रतीकात्मक तौर पर लगाया गया था। जिसके साथ-साथ सभी भक्तजन भजन कीर्तन गाते हुए चल रहे थे शोभायात्रा के दौरान मार्गों पर




प्रसाद वितरण एवं पुष्प वर्षा भी की गई। मंदिर समिति ने बताया कि आगामी 21 जनवरी को मंदिर प्रांगण में रामायण का कार्यक्रम रखा गया है जो 22 जनवरी तक लगातार चलेगा एवं 22 जनवरी को पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर में भव्य भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ललित दुमका, अजय राज शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, प्रमोद शर्मा, भाजपा नेता विकास शर्मा, संजय ठुकराल,शिव व्रत कुशवाहा, मनोज तंवर, ओम प्रकाश, राम सिंह भोज, अमर शुक्ला, सुशील कुमार, आलोक राय, गंगेश चौरसिया, सूरज कांडपाल, हेमेंद्र गंगवार, जयंत हालदार, नंदकिशोर, सोनू वर्मा, पूरन सिंह केड़ा, मनोज चिलवाल, संदीप थप्लियाल, मुकेश कुमार, राकेश पांडे, पूरन पंत, आनंद सिंह केड़ा, रोहित पांडे, केबी जोशी, अशोक मुरारी, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, सुशील सिंह, रमेश मिश्रा, श्रीमती लीला दुमका, श्रीमती शोभा पंत, श्रीमती हेमा गोस्वामी, श्रीमती ज्योति सिंह, सागर श्रीमती नेहा पांडे सहित कई भक्तजन मौजूद थे।

# आठ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव आज से प्रारम्भ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हीरानगर में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच घुघुतिया त्यार महोत्सव का आयोजन कर रहा है। आठ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव आज 8 जनवरी से 15 जनवरी तक होगा। मंच के संयोजक हुकुम सिंह कुंवर ने बताया कि आज से शुरू हो रहे कार्यक्रमोंमें सांस्कृतिक व्यापार मेला, खेलकूद,



सामाजिक व सांस्कृतिक संदेशों से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि इस बार पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच नये कलाकार को मंच दे रहा है। साथ ही बुजुर्ग कलाकारों को भी मौका दिया गया है। ऐसे में हर दिन कई गायक अपनी प्रस्तृति देंगे। वहीं अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने बताया कि 8 जनवरी को गोल्यजू मंदिर में आरती और पूजा-अर्चना होगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 9 जनवरी को मेला का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। 14 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जायेगी जबकि 15 जनवरी को बॉलीबॉल प्रतियोगिता फाइनल और पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। लोक कलाकारों के इस बार लोकगायक अमित गोस्वामी, सूरज आर्या, बबीता देवी, राकेश जोशी, अमित शर्मा, महिपाल मेहता, ममता आर्या, जितेन्द्र तोम्क्याल, राकेश पनेरू, आशा नेगी, आनंद कोरंगा, बेबी प्रियंका, कैलाश कुमार, चन्द्र प्रकाश, पंकज पांडेय, नैननाथ रावल, ललित गित्यार, विक्की आर्या, पवन कार्की, सुनील कुमार आदि कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर हुकुम सिंह कुंवर, खड़क सिंह बगड़वाल, शोभा बिष्ट, उमेश जोशी, त्रिलोक बनौली, कैलाश जोशी, चंद्रशेखर परगाई, हेम भट्ट, नरेंद्र बगड़वाल, पुष्पा संभल, भवन भंडारी तथा हेम भट्ट के अलावा मंजू बिष्ट भी मौजूद रही।

# श्री हरिधाम मन्दिर के वार्षिकोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत श्री मनीष सलूजा के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर का त्रयोदश वार्षिकोत्सव 5 जनवरी से 16 जनवरी तक बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। 5 जनवरी से प्रारम्भ इस महोत्सव में श्रीमद रामचरित मानस कथा में प्रात: 10 बजे कलश यात्रा निकली गयी जो श्री हरिधाम मन्दिर से नवनिर्मित मन्दिर श्री सिद्दपीठ दरबार तक पहुँची जिसमें इस्कॉन के भक्तों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति रही तत्पश्चात 5 जनवरी से 13 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे आचार्य श्री राम जी दास एवं कमल राम जी दास द्वारा प्रभु श्री राम की कथा की वर्षा की जा रही है। 14 जनवरी को प्रात: 7बजे दिव्य स्वर्ण श्रृंगार, प्रात: 9 बजे नवाहन प्रायण पूर्ण आहुति यज्ञ, दोपहर 12बजे महिला संकीर्तन, रात्रि 8बजे श्याम संकीर्तन सुप्रसिद्ध भजन गायक अमन सवारियाँ एवं विवेक शर्मा हल्द्वानी द्वारा किया जाएगा। 15 जनवरी दिन प्रात: 9बजे चालीसा परायण यज्ञ,रुद्रभिषेक प्रात: 10बजे, रात्रि 8बजे श्री भव्य श्री बालाजी दरबार सजाया जाएगा। जिसमें भजन गायन बूंटी पांचल कुरुक्षेत्र द्वारा किया जाएगा। 16 जनवरी प्रात: 9बजे श्री रामचरितमानस जी के पंचम सोपान सकलकलिकलुषविध्वंसक श्री सुन्दर काण्ड जी एवं श्री हरि संकीर्तन प्रात: 11बजे एवं संत समागम होगा दोपहर 1बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग वितरण किया जाएगा। महोत्सव में महापुरुष महामंडलेश्वर माँ हंसेश्वरी भारती जी, स्वामी राजेंद्र जी महाराज श्री तुलसीधाम मलसा गिरधरपुर,स्वामी श्री नरायन चैतन्य जी महाराज मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम रुद्रपुर,संत श्री प्रेमा निष्ठानंद जी महाराज आनंद प्रेम आश्रम रुद्रपुर,अनंत पूजनीया अचल अछोला नन्द जी महाराज आनन्दपुर आश्रम सत्संग भवन भूरारानी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। आयोजन की व्यवस्थाओं में मन्दिर के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सलुजा,विजय कक्के,कृष्ण मिगलानी,सागर कालरा, दीपक कटारिया,विजय कक्कड़,अमित शर्मा,कमल काक्के,विवेक शर्मा,राज कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,मनोज चावला,अजय कुमार,साहिल आनन्द, चिरंजीव पाण्डेय,अन्नू छाबड़ा,राजेश भट्ट,मनीष श्रीवास्तव,अमित रहेजा, रिंकु लम्भा,अनिल भोला आनन्द, विशाल कोहली,मोनू वर्मा विमल वर्मा,राज कुमार भुड्डी आदि भक्त जुटे हैं।

# रागी जत्थों ने शबद कीर्तन कर संगत को किया निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया के निकटवर्ती ग्राम खुशालपुर के गुरुद्वारा श्री सिंह सभा व क्षेत्र की संगत के सौजन्य से प्रकाश पर्व के अवसर पर बाहर से आए रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर गुरु वाणी का गुणगान किया जिसको सुनकर क्षेत्रीय संगत ने अपने जीवन को धन्य किया। प्रकाश पर्व पर गदरपुर थाना अध्यक्ष भुवन जोशी, क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, ग्राम प्रधान संजय चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह सोनू सहित तमाम जन प्रतिनिधियों ने गुरुद्वारा श्री सिंह सभा खुशालपुर पहुंचकर गुरु



ग्रंथ साहिब के सम्मुख अपना शीश नवाया। इस दौरान गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के प्रधान मनजीत सिंह बिट्टा, हरबंस सिंह, मेहताब सिंह,हरचंद सिंह वर्णवाल व कमेटी के अन्य सदस्यों ने सरोपा भेंट कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस दौरान गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के प्रधान मनजीत सिंह बिट्टा ने बताया कि क्षेत्रीय संगत के सहयोग से प्रतिवर्ष गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है जिसमें क्षेत्रीय संगत का विशेष सहयोग रहता है और क्षेत्रीय संगत का युवा वर्ग का विशेष योगदान रहता है। कार्यक्रम के दौरान हरचंद सिंह हरनेक सिंह मलूक सिंह चरण सिंह, चरनजीत सिंह, कमलजीत सिंह,प्रेम सिंह सहित तमाम संगत ने प्रसाद ग्रहण कर जीवन को धन्य किया।

# एचएमटी की भूमि में एम्स की शाखा खोलने के लिए सीएम को लिखा पत्र

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर काठगोदाम एचएमटी की भूमि



में दिल्ली एम्स की शाखा खोले जाने को लेकर पत्र लिखा है। श्री भट्ट ने कहा कि एचएमटी की भूमि पर दिल्ली एम्स की शाखा खोलने से पहाड़ी जनपदों के गरीब मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करते हुए पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया है कि उत्तराखण्ड के कुमाऊं रीजन में जनपद ऊधमसिंहनगर केअन्तर्गत किच्छा में सैटेलाईट एम्स स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसका यथा शीघ्र कार्य प्रारम्भ हो जाएगा, जो कि उत्तराखण्ड राज्य के लिए हर्ष का विषय है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# वायुमंडल का गैसीय संतुलन

उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करना अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती होती है। उपग्रह के रास्ता भटक जाने, नियंत्रण कक्ष से संपर्क टूट जाने या बीच में ही नष्ट हो जाने का खतरा बना रहता है। इस दृष्टि से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो की यह बड़ी कामयाबी है कि उसके वैज्ञानिकों ने आदित्य एल-1 को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया।इसे सितंबर के शुरू में प्रक्षेपित किया गया था और अब वह पृथ्वी से करीब पंद्रह लाख किलोमीटर स्थित तय बिंदु लैग्रेंज प्वाइंट-1 पर पहुंच चुका है। इस बिंदु पर गुरुत्वाकर्षण शून्य होता है। वहां से सूर्य के त्रिआयामी चित्र मिलते हैं। इस तरह आदित्य एल-1 वहां स्थिर रह कर निरंतर सूरज का अध्ययन कर सकेगा। इससे पहले इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान तृतीय को सुरक्षित उतार कर अपने कौशल का परिचय दिया था।आदित्य एल-1 भारत का पहला उपग्रह है, जो सूर्य की गतिविधियों का अध्ययन करने के उद्देश्य से भेजा गया है। हालांकि सूर्य का अध्ययन करने का यह पहला प्रयास नहीं है। अमेरिका, जर्मनी, जापान आदि देश इसके लिए अपने उपग्रह भेज चुके हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजंसी नासा अब तक चौदह उपग्रह भेज चुकी है। सूर्य हमारे सौरमंडल का सबसे महत्त्वपूर्ण तारा है, जो ज्वलनशील गैसों का एक पिंड है। अनेक अनुसंधानों से स्पष्ट है कि सूर्य पर होने वाली हलचलों का सीधा प्रभाव पृथ्वी पर पड़ता है। मौसम प्रभावित होता है। पिछले कुछ वर्षों से इस बात को लेकर चिंता गहराती गई है कि सूर्य का धीरे-धीरे क्षरण हो रहा है और उसकी वजह से सौरमंडल के अन्य ग्रहों की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पृथ्वी पर बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते वायुमंडल का गैसीय संतुलन बिगड़ रहा है। अध्ययनों से पता चल सकेगा कि गंभीर चिंता का विषय बन चुके जलवायु परिवर्तन में सूर्य पर होने वाली हलचलों का कितना योगदान है। इससे भविष्य में पैदा होने वाले खतरों का आकलन भी किया जा सकेगा। आदित्य एल-1 के साथ गए अनुसंधान उपकरण अलग-अलग विषयों का अध्ययन करेंगे, जिसमें सूर्य की किरणों, सौर लपटों और चुंबकीय प्रभाव का अध्ययन महत्त्वपूर्ण होगा। एक आशंका लंबे समय से जताई जाती रही है कि अगर सूर्य से चलने वाली हवाओं की दिशा पृथ्वी की तरफ हो जाए, तो पृथ्वी की कक्षा में स्थापित तमाम उपग्रहों के लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा, सूचना तकनीक का सारा संजाल नष्ट हो सकता है। इस अध्ययन से ऐसी आशंकाओं की वास्तविकता पहचानी जा सकेगी। पिछले कुछ वर्षों से पृथ्वी ग्रह को अनेक चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है। बढ़ता तापमान उनमें सबसे बड़ी चुनौती है। इसके चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं, फसल-चक्र पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अन्न उत्पादन में कमी दर्ज की जा रही है। बढ़ती आबादी के समक्ष यह संकट ज्यादा चिंताजनक है। वर्षा चक्र असंतुलित होने के कारण हर साल दुनिया के बहुत सारे देशों को भारी जान-माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसमें सूर्य से निकलने वाली चुंबकीय तरंगों का कितना योगदान है, यह भी आदित्य एल-1 के अध्ययनों से जाहिर हो सकेगा। इस तरह इस उपग्रह के प्रक्षेपण से न केवल कुछ और ब्रह्मांडीय रहस्यों की परतें खोलने में मदद मिलेगी, बल्कि मानव सभ्यता की सुरक्षा की दिशा में भी नए सिरे से सोचने, विचार करने और सामने खड़े संकटों से पार पाने के उपाय तलाशने के रास्ते खुल सकेंगे।

# 2 साल से सिरदर्द की शिकायत,मरीज का उपचार कर निकला 5.5 सेंटीमीटर के आकार का ब्रेन ट्यूमर

## न्यूरो सर्जरी में पैनेसिया अस्पताल ऋषिकेश ने किया नया कीर्तिमान हासिल

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. संजय चौधरी एवं पैनेसिया हॉस्पिटल की टीम द्वारा मरीज के ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।इस कीर्तिमान को स्थापित करने में पैनेसिया हॉस्पिटल ऋषिकेश का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बन चुका है एवं आपरेशन के बाद मरीज के हालत में काफी सुधार है। ऋषिकेश के पैनेसिया अस्पताल में डॉ. संजय चौधरी के नेतृत्व में न्यूरोसर्जरी टीम द्वारा ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। डॉ. संजय चौधरी ने बताया कि मस्तिष्क के बाई ओर का हिस्सा अधिक महत्वपूर्ण है ,जोकि हमारे शरीर के 95 प्रतिशत के हिस्सा को नियंत्रित करता है, और इस रोगी में जहां भाषण नियंत्रण किया जाता है उसी हिस्से में ट्यूमर था। आपरेशन के बात मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है । मरीज का ब्रेन ट्यूमर निकालने के लिए चार घंटे तक सर्जरी की गई। ऋषिकेश के पैनेसिया अस्पताल में डॉ. संजय चौधरी ने कहा कि चार घंटे की सर्जरी में एक हाई-एंड ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप का उपयोग शामिल था, जो जटिल ब्रेन की सर्जरी में सहायक होता है, इस तरह की सर्जरी देश भर में अत्याधुनिक केंद्रों पर की जा सकती है और इसके लिए उच्च स्तरीय न्यूरो-सर्जिकल विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। जांच कराने पर



डायग्नोस्टिक रिपोर्ट्स ने ब्रेन के स्पीच एरिया में ब्रेन ट्यूमर डायग्नोसिस की पुष्टि की। ब्रेन के स्पीच एरिया में ब्रेन ट्यूमर ऐसी जटिल जगह पर था कि सर्जरी से मरीज की बोलने की क्षमता जा सकती थी और लकवा होने का भी खतरा था।, न्यूरोसर्जन डॉ. संजय चौधरी के नेतृत्व में न्यूरो सर्जरी टीम ने मरीज के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी कर दी। ऋषिकेश में 50 साल के राम प्रकाश मिश्रा 2 साल से सिरदर्द और मिर्गी के दौरा की शिकायत के साथ गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल लाया गया । जांच के बाद जो सामने आया उसे सुनकर हर किसी को हैरानी हुई। दरअसल, राम प्रकाश मिश्रा के दिमाग में 5.5 सेंटीमीटर के आकार का ट्यूमर होने का पता चला। राम प्रकाश मिश्रा के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन कुल चार घंटे तक चला। राम प्रकाश मिश्रा सबसे पहले सिरदर्द की शिकायत के साथ हॉस्पिटल पहुंचे । वहां सीटी स्कैन कराने के बाद ट्यूमर का पता नहीं चला था। हल्के सिरदर्द से परेशान राम प्रकाश ने इसके बाद पैनेसिया अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञों से संपर्क किया। वहां राम प्रकाश की एमआरआई जांच कराई गई। जांच में यह पता चला कि मरीज के मस्तिष्क में 5.5 सेंटीमीटर के आकार का ट्यूमर है। मरीज और उसके घर वालो को इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि उसका 2 साल से सिरदर्द ट्यूमर का संकेत है। हॉस्पिटल के एक बयान के मुताबिक, मरीज को लगातार मिर्गी के दौरे के साथ अस्पताल लाया गया न्यूरोलॉजिकल एग्जामिनेशन में मैरिज पूरी तरह से अपने होसो हवास में नहीं था, बोल पाने में दिकत और सीधे हाथ पैर के ताकत में कमी पाई गई इसके बाद तुरंत इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गयास लगातार आ रहे मिर्गी के दौरे को देखते हुए मरीज को दो दिन आईसीयू में भी रखा गया बी पी कंट्रोल होने के बाद न्यूरो सर्जरी विभाग ने ओटी का प्लान किया।

# सूचना अधिकार की जानकारी वाला कैलेंडर 2024 प्रकाशित

काशीपुर(उद संवाददाता)। सूचना अधिकार की नवीन जानकारी अब कैलेंडर के माध्यम से आम जनता को मिल सकेगी। इसके लिये सूचना अधिकार विशेषज्ञ नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा एक कैलेंडर प्रकाशित कराया गया है। जिसमें 2024 के कैलेंडर के साथ उत्तराखंड सरकार के राजपत्रित व निर्बंधित अवकाशों की सूची को भी दर्शाया गया है।सूचना अधिकार की सामान्य जानकारी देने वाले श्री नदीम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर में सूचना का मतलब, सूचना अधिकार का मतलब, सूचना अधिकार के दायरे में शामिल प्राधिकारी, सूचना लेने की प्रक्रिया, सूचना हेतु अतिरिक्त शुल्क, सूचना देने की अवधि, प्रथम व द्वितीय अपील, लोक प्राधिकारियों/विभाग के सूचना अधिकार के अन्तर्गत दायित्व, सूचना अधिकार की विस्तृत जानकारी हेतु पुस्तकें, सोशल मीडिया (फेस बुक पेज व ग्रुप) उत्तराखंड सूचना आयोग तथा केन्द्रीय सूचना आयोग की वेबसाइटों की जानकारी शामिल है।श्री नदीम द्वारा प्रकाशित इस कैलेंडर को जहां उनके द्वारा स्वयं वितरित कराया जा रहा है वहीं इसे फेस बुक के 'सूचना अधिकार कानून' नामक पेज तथा 'सूचना अधिकार (आर टी आई)" ग्रुप पर जन सामान्य हेतु उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त इस कैलेंडर लेने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति मोबाइल न0 9411547747 पर एस.एम.एस. या व्हाट्स एप्प से सम्पर्क करके नि:शुल्क प्राप्त कर सकता है।श्री नदीम ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार सूचना अधिकार की जागरूकता के लिये कलैंडर का प्रकाशन व नि:शुल्क वितरणर किया जा रहा है। इस कैलेंडर का उद्देश्य आम जनता तक सूचना अधिकार की जागरूकता फैलाना है ताकि आम जनता अधिक से अधिक सूचना अधिकार प्रयोग करने को सक्षम हो सके। कैलेंडर क्योंकि वर्ष भर रखा जाता है इसलिये इसके माध्यम से प्रकाशित सूचना अधिकार की जानकारी भी हजारों लोगों तक पहुंचेगी।

# सनातन का सूर्योदय और धार्मिक पर्यटन का भक्तिकाल

पांच सौ साल पहले जब अयोध्या में इस्लाम धर्मावलंबी आक्रांता राम मंदिर ध्वस्त कर रहे थे, तब तुलसी और सूरदास राम एवं कृष्ण की लीलाओं का चरित्र हिंदी की सहायक भाषाओं बृज, अवधि और भोजपुरी में रच रहे थे। जिससे हमलावरों के हमलों से आहत जनमानस जागरूक हो और अपनी सनातन सांस्कृतिक अस्मिता तथा देश की संप्रभुता के लिए बलिदानी भाव-बोध से जूझ जाए। निहत्था भक्त इसी थाथी के बूते इस्लाम की तलवार और फिरंगियों की तोपों से पूरे पांच सौ साल युद्धरत दिखाई देता रहा। इसी युद्धरत आम भारतीय ने हमें 15 अगस्त 1947 को आजादी दिलाई। तत्पश्चात भी वामपंथी वैचारिकी कुछ इस तरह गढ़ी जाती रही कि हम अपनी ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत पर प्रश्नचिन्ह उठाने लग गए ? मनमोहन सिंह सरकार ने राम और रामसेतु के अस्तित्व को ही झुठलाने का काम कर दिया।अलबत्ता 2014 से नरेंद्र मोदी युग के आरंभ से बदलाव की कुछ ऐसी हवा चली कि अयोध्या में भगवान राम के जन्म-स्थल पर तो रामलला के विग्रह की स्थापना 22 जनवरी को हो ही रही है, इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में राम मंदिर जैसा ही भव्य मंदिर बनकर तैयार है। 14 फरवरी को इस मंदिर के पट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खोलेंगे। इन दो मंदिरों के पट खुलने के साथ ही सनातन धर्म से जुड़े मंदिरों का पर्यटन विश्वव्यापी हो जाएगा और अयोध्या धाम में सबसे ज्यादा पर्यटकों का आवागमन बढ़ जाएगा। **अयोध्या में बढ़ते तीर्थयात्री:** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष 2.39 करोड़, यानी प्रतिदिन करीब 70 हजार तीर्थयात्री अयोध्या नगरी में पहुंचे। यात्रियों की यह आमद 2022 की तुलना में सौ गुना अधिक रही। ऐसा अनुमान है कि भगवान राम के मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल हो जाएगा। यहां प्रतिवर्ष दस करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। एक पर्यटक औसतन 2700 रुपए खर्च करता है, अर्थात अयोध्या ही नहीं समूचे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इस पर्यटन से बल मिलेगा। इसी तर्ज पर सोमनाथ, वाराणसी, उज्जैन और केदारनाथ के मंदिरों में गलियारों का विस्तार हो गया है। इन तीर्थों के आधुनिक एवं सुविधानक हो जाने से पर्यटन का आकार बढ़ गया है। विश्वस्तरीय होटल, सड़क, हवाई और रेल सुविधाएं हो जाने से यात्रियों की संख्या उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ी है। भारत में फिलहाल पर्यटन से जुड़ी जीडीपी का योगदान 5 से 6 प्रतिशत है, इसमें धार्मिक पर्यटन का हिस्सा अब तक आधा रहता है, जो अब निरंतर उछाल मार रहा है। **मंदिरों का चतुर्दिक विकास:** उत्तरप्रदेश में धार्मिक पर्यटन में बढ़ोत्तरी से प्रभावित व प्रेरित होकर अन्य राज्य सरकारें भी धार्मिक स्थलों के संरचनात्मक विकास और ठहरने व आवागमन की सुविधाओं को बढ़ावा देने में लग गई हैं। असम के गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर का 500 करोड़ रुपए की लागत से विकास हो रहा है। इस मंदिर के परिसर का क्षेत्र तीन हजार वर्गफीट से बढ़ाकर 10 हजार वर्गफीट किया जा रहा है। राजस्थान में गोविंद देव मंदिर, पुष्कर तीर्थ और बेनेश्वर धाम का विकास सौ-सौ करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। बिहार सरकार भारतमाला धार्मिक संपर्क योजना के अंतर्गत उच्चौठ भगवती मंदिर से महिषि तारास्थल को जोड़ने के लिए मधुबनी के उमगांव से सहरसा तक के मार्ग को विस्तृत कर रही है। महाराष्ट्र सरकार कोल्हापुर में 250 करोड़ की लागत से महालक्ष्मी मंदिर गलियारा बना रही है। इसी प्रकार के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नासिक से त्रयंबकेश्वर मंदिर तक चौड़ा रास्ता बनाया जा रहा है। तेलंगाना में 1300 करोड़ की लागत से ययादि मंदिर का निर्माण किया गया है। दशावतारों में से भगवान नृसिंह के इस मंदिर के गर्भगृह में 125 किलो सोना लगा है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में 314 करोड़ रुपए से एक सौ एकड़ में लेटे



हनुमान मंदिर-लोक और सलकनपुर श्रीदेवी महालोक बनाया जा रहा है। सागर में रविदास मंदिर धाम, दतिया में पीतंबरा माईलोक ओरछा में रामराजा लोक, चित्रकूट में रामपथगमन लोक, ग्वालियर में शनिलोक और बड़वानी में नाग-लोक बनाए जाना प्रस्तावित हैं। उत्तरप्रदेष के मथुरा में मथुरा-वृंदावन गलियारा और यमुना नदी फ्रंट का विकास 250 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। **समुद्र में कृष्ण की द्वारका के दर्शन:** हजारों साल पहले समुद्र में डूब चुकी भगवान कृष्ण की द्वारका के दर्शन पनडुब्बी से कराए जाने की तैयारी हो रही है। गुजरात सरकार श्रीमद् भागवत कथा और महाभारत में उल्लेखित द्वारका दर्शन के लिए अरब सागर में यात्री पनडुब्बी चलाने का अनूठा कार्य करने जा रही है। मोदी है तो मुमकिन है कि कहावत यहां चरितार्थ होने जा रही है। भारत सरकार की कंपनी मझगांव डॉक शिपयार्ड के साथ गुजरात सरकार का एमओयू हो चुका है। इस पनडुब्बी का संचालन मझगांव डॉक करेगा। इस यात्रा का आरंभ इसी साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी या दीपावली तक हो सकती है। यह पनडुब्बी समुद्र में तीन सौ फीट गहरे तक जाएगी। इस रोमांचक इतिहास और पुरातत्व के अवशेषों से जुड़ी रोमांचक यात्रा में प्राचीन द्वारका तक पहुंचने में दो-तीन घंटे लगेंगे। यात्रा का किराया अधिक होगा, लेकिन आम आदमी के लिए सरकार छूट देगी। 35 टन वजनी यह पनडुब्बी वातानुकूलित होगी। दो कतारों में 24 यात्रियों को बैठने की सुविधा होगी। चिकित्सा किट साथ रहेगी। पनडुब्बी चलाने के लिए दो चालक, दो गोरताखोर, एक मार्गदर्शन और तकनीशियन साथ रहेंगे। यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क, फेस मास्क और स्कूबा ड्रेस संचालन करने वाली एजेंसी देगी। इस पनडुब्बी में प्राकृतिक उजाले का प्रबंध होगा। संचार और वीडियो वार्तालाप की सुविधाएं होंगी। पनडुब्बी में बैठे हुए स्क्रीन पर भीतर की हलचल और जीव-जंतुओं को देख व रिकॉर्ड कर सकेंगे। इस देव भूमि गलियारे के तहत बेट द्वारका समुद्री टापू को दुनिया के मानचित्र पर लाने की दृष्टि से सरकार सिग्नेचर पुल का निर्माण कर रही है। 900 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन यह पुल 2320 मीटर लंबा होगा। यह चार कतारों का केवल ब्रिज है। इस परियोजना में 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल नागेश्वर मंदिर के अलावा हनुमान और उनके पुत्र मकरध्वज मंदिर का विकास भी हो रहा है। **कृत्रिम बुद्धि से मंदिरों के इतिहास व परंपराओं की जानकारी:** भारत के अब प्रमुख मंदिरों की जानकारी हासिल करने के लिए एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता से जोड़ दिया गया है। यह शुरूआत कोरोना के कालखंड में हुई थी, जो अब बड़े व्यापार का रूप ले चुका है। उस समय जब वाहनों पर ब्रेक लगे थे और घरों से निकलना प्रतिबंधित था, तब अनेक मोबाइल एप्लिकेशन पर घर बैठे प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन, पूजा और प्रसाद वितरण का सिलसिला आरंभ हुआ था। मंदिरों के संचालकों से संपर्क कर तब कंपनी प्रमुखों में पूजन-सामग्री व दान-दक्षिणा में होने वाले खर्च के साथ अपने लिए लाभ का यह धंधा शुरू किया था। यह अब एक पूरा पैकेज बन गया है। इससे एआई सॉफ्टवेयर के जरिए ऑनलाइन जुड़कर मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्व, परंपरा, रीति-रिवाज और पर्व विशेष व उत्सवों की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी जा रही हैं। यहां तक की वॉक थ्रू, यानी चलते हुए मंदिर परिसर के दर्शन करा दिए जाते हैं। 15-20 मिनट में भक्त घर बैठे चौन से पूरे मंदिर का दर्शन सपरिवार कर लेते हैं। **धार्मिक पर्यटन की आर्थिकी:** अयोध्या में भागवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही देश का धार्मिक पर्यटन एक लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था से ऊपर जाने की उम्मीद अर्थशास्त्री जता रहे हैं। भक्ति का यह व्यापार 10 से 15 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यहां तक की कई राज्यों में प्रमुख मंदिरों की आर्थिकी उस राज्य के कुल वार्षिक बजट से भी कहीं अधिक है। यदि ईश्वर दर्शन के इस धार्मिक पर्यटन में विवाह और दीपावली जैसे पर्व की आर्थिकी को भी जोड़ दिया जाए तो यह आर्थिकी कई लाख करोड़ की होगी ? अतएव मर्यादा पुरुषोत्तम राम और कृष्ण की महिमा नैतिकता के प्रतिमान और मानवता के चरम आदर्श व उत्कर्ष से जुड़ी तो है ही, अब बड़ी आर्थिकी का भी आधार बन गई है। गोया यह धार्मिक पर्यटन का भक्तिकाल तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को नूतन व निरंतर बनाए रखने का भी बड़ा आयाम बनता दिखाई दे रहा है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# भाकपा माले का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन शुरू






## आगामी चुनाव में भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ वाम और लोकतांत्रिक शक्तियों की एकजुटता वक्त की मांग : राजा बहुगुणा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाकपा माले के दो दिवसीय राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा माले के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन कामरेड राजा बहुगुणा ने कहा कि, मोदी सरकार संविधान और लोकतंत्र को रौंदने वाली सरकार है। यह सरकार लोकतंत्र को जेब में रख कर संविधान को किनारे करने की नीति पर चल रही है। इसीलिए 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस के ऊपर 22 जनवरी को तरजीह देकर गणतंत्र का मखौल बनाने का काम कर रही है। लेकिन साथ ही लोकतन्त्र और संविधान बचाने के लिए पूरे देश में जन गोलबंदी हो रही है इसलिए इस बार की छब्बीस जनवरी के गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनावों में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना आज का सबसे जरूरी कार्यभार है। तमाम लोकतांत्रिक संगठनों और लोगों को इसके लिए कमर कसनी होगी। राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन को नीचले स्तर तक ले जाने की जरूरत है और मोदी सरकार को 2024 में आने से रोकने के हरसंभव प्रयास करने होंगे। ऐक्टू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी ने कहा, आरएसएस भाजपा को हमेशा ही धर्मनिरपेक्ष शब्द से ऐलर्जी रही है। जब से संविधान की भूमिका में इस शब्द को स्पष्ट रूप में जोड़ा गया था, तभी से आरएसएस धर्मनिरपेक्षता का विरोध करता रहा है।धर्म को राजनीति से अलग रखने, धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप से राज्य को अलग रखने और धार्मिक मठाधीशों को राज्य के मामलों में हस्तक्षेप से दूर रखने का विचार आधुनिक गणतंत्र का केन्द्रीय तत्व है। सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल ने कहा कि, वामपंथी एकता को मजबूत करके जनता में व्यापक अभियान चलाते हुए ही भाजपा की फासीवादी सरकार को पीछे धकेला जा सकता है। राजीव लोचन साह ने भाकपा माले के राज्य सम्मेलन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ वाम और लोकतांत्रिक शक्तियों की एकजुटता वक्त की मांग है। इसके लिए हम सब सम्मिलित रूप से प्रयास करेंगे। अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जी आर टम्टा ने कहा कि मोदी सरकार ने संविधान को दरकिनार कर तमाम संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर सारी सत्ता अपने हाथ में ले ली है। किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि, 26 जनवरी 1950 से लागू भारत के संविधान में निहित मूल्यों और उद्देश्यों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 पर आधुनिक भारत के संविधान को पुर्नस्थापित करने की चुनौती हमारे लिए सबसे बड़ी है। भाकपा माले के उत्तराखण्ड राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि, भाजपा का सांप्रदायिक फासीवादी बुलडोजर देश में न्याय संविधान और लोकतंत्र को कुचलने पर उतारू है. यह चुनौती है कि देश में लोकतंत्र और संविधान रहेगा, नागरिकों के हक– अधिकार रहेंगे या भाजपा का कॉरपोरेट परस्त उन्मादी राज रहेगा। उत्तराखंड में डबल इंजन की डबल लूट चल रहा है। उत्तराखंड के संसाधनों और रोजगार की लूट बेखटके डबल इंजन की सरकार चला रही है। उद्घाटन सत्र का समापन संविधान की प्रस्तावना पढ़कर हुआ। उद्घाटन सत्र में माले केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन राजा बहुगुणा, सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, एक्टू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी, नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह, अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जी आर टम्टा, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा,माले पोलित ब्यूरो की ओर से राज्य प्रभारी संजय शर्मा, ऐपवा नेता विद्या रजवार, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की अध्यक्ष कमला कुंजवाल, उत्तराखंड आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की अध्यक्ष दीपा पांडेय, एआइपीएफ के राष्ट्रीय संयोजक गिरिजा पाठक, जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती, वन गुर्जर नेता निक्का, वजीर , सद्भावना समिति उत्तराखंड के अजय जोशी, ऐक्टू के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, प्रदेश महामंत्री के के बोरा, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद नेगी, राजेंद्र प्रथोली, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, जन मैत्री संगठन में बची सिंह बिष्ट, आइसा के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, चंद्रशेखर भट्ट, एडवोकेट कैलाश जोशी, दुर्गा सिंह मेहता, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, अमनदीप कौर, उधम सिंह नगर के माले जिला सचिव ललित मटियाली, ऐक्टू जिलाध्यक्ष जोगेंद्र लाल, प्रकाश फुलोरिया, भुवन जोशी, आनंद सिंह सिजवाली, बशीर चौहान, अली शेर, इमाम आदि मुख्य रूप मौजूद रहे। संचालन माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने किया।

## गबन के मामले में पांच आरोपियों ने किया सरेंडर

सितारगंज (उद संवाददाता)। सिडकुल ट्रक एसोसिएशन घोटाले में नामजद पांच वांछित आरोपियों ने अदालत में सरेंडर कर दिया है। इसके बाद पांचो आरोपियों को स्थानीय पुलिस की मदद से न्यायिक हिरासत में अदालत ने जेल भेज दिया है। ग्राम गोरीखेड़ा निवासी समसुल हक पुत्र मोहम्मद हक ने 15 अक्टूबर 2021 को दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि उनकी सितारगंज सिडकुल में ट्रक एसोसिएशन के नाम से ट्रांसपोर्ट है। जहां वाहनों के परिवहन का कार्य होता है। ट्रक एसोसिएशन के कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष में काम करने के लिए पंकज कुमार पुत्र सुंदरलाल निवासी कल्याणपुर, जमीर मलिक निवासी गोरीखेड़ा, संजीव शर्मा पुत्र ओमप्रकाश, लवजीत सिंह पुत्र चरणजीत सिंह निवासी पिपलिया नाथू, लवप्रीत सिंह पुत्र कमलजीत सिंह निवासी बढेरा थाना अमरिया, जिला पीलीभीत को नियुक्त किया गया था। आरोप है कि इन लोगों ने कोरोना काल का फायदा उठाकर हिसाब किताब में हेराफेरी की। आरोपियों ने 10 लाख रुपए का गबन कर लिया। गबन का पता लगने के बाद उन्होंने पांचो आरोपितों को कार्य से निकाल दिया था। पीड़ित ने आरोप लगाया की सिडकुल स्थित पारले जी कंपनी ने ईमेल के जरिए आगे कार्य करने की सहमति उनसे मांगी थी। लेकिन 3 अगस्त 2021 को उनके कार्यालय के कर्मचारी लवप्रीत सिंह ने नुकसान पहुंचाने की नीयत से आगे कार्य न करने का ईमेल कंपनी को भेज दिया। जिस कारण पारले कंपनी से उनका ठेका समाप्त कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपितो के पास ऑफिशियल ईमेल आईडी थी। जिसका पासवर्ड भी उन्हीं के पास रहता था। जिस वजह से उन्होंने ट्रांसपोर्ट को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। प्रकरण के करीब 2 साल बाद शनिवार को नामजद आरोपित पंकज कुमार, जमीर मलिक, संजीव शर्मा, लवजीत सिंह, लवप्रीत सिंह ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरविंदर कुमार ने बताया कि न्यायालय से गबन के मामले में नामजत पांच आरोपितों के आत्मसमर्पण की सूचना मिली थी। अदालत ने पांच आरोपितों के आत्मसमर्पण के मामले में पुलिस फोर्स भेजने के आदेश दिए थे।

## अश्लील हकरतें करने के मामले में केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मजरा शीला की रहने वाली एक महिला ने कुछ युवकों पर अश्लील इशारे करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी थी वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजरा शीला की एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 दिसंबर को देर शाम लगभग 7 बजे वह आटा छानने की छन्नी लेकर अपनी चचेरी सास के घर से लौट रही थी की महिला के घर के सामने सोनू पाल पुत्र बनारसी दास व हरिश्चंद्र पुत्र शिवलाल शराब पी रहे थे जो महिला को देखकर अश्लील इशारे करने लगे और भद्दे शब्द भी बोले महिला का कहना है कि उक्त लोगों की इन हरकत से उसे शर्मिंदगी उठानी पड़ी और अब कुछ दिन बीत जाने के बाद हिम्मत करके पुलिस से शिकायत की है वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक सोनू पाल पुत्र बनारसी दास वह हरिश्चंद्र पुत्र शिवलाल निवासी गदरपुर के खिलाफ धारा 509 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**दमकल विभाग को मिली....**शपथ ली। दीक्षांत परेड समारोह की मुख्य अतिथि अपर सचिव गृह, उत्तराखण्ड शासन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा श्रीमती निवेदिता कुकरेती रही। उन्होनें सेनानायक 31 पीएसी श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी की उपस्थिति में परेड का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया । समारोह में सर्वोत्तम प्रशिक्षक के लिए आईटीआई भाकुनी केदार ,पीटीआई नवल किशोर ,एफडीआई लीडिंग फायरमैन मुख्तयार चंद, डेमोंस्ट्रेटर फायरमैन जीवन पनेरा ,अंत:कक्ष अध्यापक फायर सर्विस चालक गिरीवर सिंह को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं में आंतरिक विषय में चांदनी ,पदादि प्रशिक्षण में मेनिका चौहान व गरिमा,खेल में अंजना सुप्याल , शारीरिक प्रशिक्षण में मीरा व राधिका ,फायर ड्रिल में अंजना सुप्याल ,अनुशासित प्रशिक्षु में इंदु मेहता एवं बेस्ट केडेट के रूप में अंजना सुप्याल को सम्मानित किया। पाठ्यक्रम के अनुसार अन्त:कक्ष एवं बाह्य कक्ष में प्रतिदिन प्रशिक्षुओं को इन्फैन्ट्री ड्रिल, फायर ड्रिल, फिजीकल ट्रेनिंग, बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण, बेसिक डिजास्टर मैनेजमैन्ट कोर्स, ड्राईविंग स्किल, साईबर क्राईम, इन्टरनेट, सीसीटीएनएस ,सोशल मीडिया, फर्स्ट एड, वित्तीय प्रबन्धन, अन्त:कक्ष में ब्रीथिंग अपरेटस, बिल्डिंग कन्ट्रक्शन, कैमिकल, स्केप्स एण्ड लैडर इक्यूपमेन्ट रिकॉगनाईजेशन, फिक्सड फायर फाईटिंग इन्सटोलेशन फॉम एण्ड फॉम इक्यूपमेन्ट, हुक लैडर, हॉज पाईप, हॉज फिटिंग, हाईड्रेन्ट, नॉट्स एण्ड लाईन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिस्पर्धात्मक भावना जागृत करने व प्रशिक्षुओं की विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने के लिये कल्चर कमेटी, इन्वायरमैन्ट कमेटी, आर्ट कमेटी, साहित्यिक कमेटी बनायी गयी, जिसमें किये गये क्रियाकलापों का संकलन पत्रिका में किया गया, जिसका विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। प्रशिक्षुओं का व्यवहारिक ज्ञान बढाये जाने हेतु समय-समय पर ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन अतिथि व्याख्यान भी दिये गये और स्थानीय फायर स्टेशनों, विभिन्न कम्पनियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों आदि का भी भ्रमण कराये जाने के साथ-साथ विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों का प्रयोग/उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए उपकरणों का डैमोस्ट्रेशन भी कराया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में नियुक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारियों द्वारा भी प्रशिक्षण केन्द्र में आकर अपने-अपने अनुभवों से प्रशिक्षुओं को अग्निशमन एवं आपात सेवा की कार्यप्रणाली एवं वर्तमान परिवेश में भूमिका और आवश्यकता आदि के सम्बन्ध में व्याख्यान दिये गये हैं। प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के तौर पर प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की प्रेरणादायी फिल्में भी दिखायी गयी। प्रशिक्षण के मध्य में महिला रिक्रूट आरक्षियों द्वारा जनपद हरिद्वार में लगने वाले सुप्रसिद्ध कॉवड यात्रा मेला जैसी अति संवेदनशील ड्यूटी का निर्वहन उच्च मनोबल एवं दृणता के साथ किया गया तथा जनपद देहरादून में सम्पन्न इन्टर आरटीसी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में वाहिनी की प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड-13, सिल्वर-17 एवं 04 कांस्य पदक जीतकर सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए ट्राफी अर्जित की गयी। आधारभूत प्रशिक्षण को श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक, 31 पीएसी एवं डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, ईशांत कटारिया के पर्यवेक्षण में आरआई आरटीसी श्री ोपाल सिंह बिष्ट व अन्य अन्त:कक्ष एवं बाह्य कक्ष प्रशिक्षकों के सानिध्य में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रभावी रूप से चलाया गया। दीक्षांत परेड के दौरा एएसपी निहारिका तोमर, सीएमओ मनोज शर्मा, डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, सीएफओ ईशांत कटारिया, शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक श्रीमती राधा थापा, गिरीश चंद्र जोशी, भूपेश पांडे, विजय शंकर यादव, सू0सैन्य सहायक खुर्शीद अली, पीसी रमेश चन्द्र, श्रीमती दीपा सनवाल, राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**लव जिहाद पर फूटा हिंदु......**सोमवार को कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले को लव जिहाद बताते हुए महिला दरोगा पर पीड़ित परिवार को धमकाने का आरोप भी लगाया। उनका कहना था कि आरोपी युवक पीड़ित परिवार को धमकियां दे रहा है लेकिन पुलिस अभी तक उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में विहिप के प्रखण्ड सह मंत्री सुदेव दास गुप्ता, आदित्य, सुल्तान सिंह, अनुभव पाल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**न्याय के लिए एसएसपी कार्यालय.....** हालत को देखते हुये दो घन्टे के बाद मेरे गौतम हास्पिटल रूद्रपुर के लिए रैफर कर दिया गया। यहाँ पर चिकित्सको ने उसका ईलाज शुरू किया। अभी तक उसका इलाज गौतम हास्पिटल में ही चल रहा है अभी तक वह कोमा में ही है। उसके इलाज पर लगभग 5 लाख रूपये से अधिक व्यय हो चुके हैं। घायल पुत्र के ईलाज में लगे रहने के कारण अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाये। ज्ञपन में घायल के पिता ने बताया कि कार चलाने वाली महिला रूद्रपुर के एक नेत्र चिकित्सालय में कार्यरत है। उसके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं है। उन्होंने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में मुन्नी, सौरभ, बबलू, अशोक, रवि, राहुल, सोहन, विकास राय, रोशनी, सुमन, रानी, नीलम, रामवती, ममता, उषा, पूजा, मोनू, राजू, प्रियंका, शिवा आदि शामिल थे।

**डंपर की चपेट में आकर कपड़ा........**के पास अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से कपड़ा कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बच्चा साफ बच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के स्कूटर को कब्जे में लेते हुए मृतक के सब को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया। घटना की तत्काल बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक जुगाड़ू स्कूटर आगे जा रहे डंपर में पीछे से घुसा। जिस कारण चालक की अत्यधिक चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

**धीरेन्द्र कुमार रूद्रपुर के...**केसी आर्या को प्रभारी चौकी रम्पुरा से वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली रूद्रपुर, विपुल जोशी को पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी कटोराताल, संदीप शर्मा को प्रभारी चौकी बाजार से प्रभारी चौकी पतरामपुर जसपुर, भूपाल राम पौरी को प्रभारी चोकी पतरामपुर से कोतवाली काशीपुर, जीवन चुफाल को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से थाना आईटीआई, अरविन्द बहुगुणा को साइबर सैल से प्रभारी चौकी आवास विकास रूद्रपुर, महिला उपनिरीक्षक नीमा बोरा को प्रभारी चौकी आवास विकास से प्रभारी चौकी बाजार रूद्रपुर, रिणी चौहान को पुलिस लाइन से कोतवाली किच्छा, सुरेन्द्र रिंगवाल को पुलिस लाइन से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, बबीता को कोतवाली किच्छा कोतवाली सितारगंज, गोल्डी घुघत्याल को कोतवाली सितारगंज से थाना ट्रांजिट कैम्प, धीरेन्द्र परिहार को थाना पंतनगर से कोतवाली बाजपुर, प्रकाश राम विश्वकर्मा को पुलिस लाइन से चौकी सिडकुल अशोक काण्डपाल को पुलिस लाइन से थाना नानकमत्ता स्थानांतरित किया गया है।

**मांगों को लेकर भोजन.....**एक ज्ञापन गुंजन सुखीजा के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन की जिलाध्यक्ष रेखा राणा ने बताया कि पिछली सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडे द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए भोजन माताओं का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 5000 करने की घोषणा की थी लेकिन आज तक इस संबंध में कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने सात सूत्री मांगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23 नवंबर 2021 की कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड सरकार ने भोजन माताओं का मानदेय मात्र एक हजार रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर दिया है इसका विरोध करते हुए न्यूनतम 5000 मासिक मानदेय दिए जाने,भोजन माताओं के नियुक्ति पत्र सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से जारी किये जाने,निजी कारणों से या एनजीओ में मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाने,भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित होने तक न्यूनतम वेतन 18000 रूपये दिये जाने, राज्य में बंद किये जा रहे स्कूलों पर रोक लगाएजाने,सेवानिवृत्ति पर भोजन माताओं को ग्रेच्युटी एवं पेंशन दिये जाने,भोजन माताओं को राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा (पीएफईआई) से जोड़े जाने मांगे शामिल हैं । वही ज्ञापन की प्रति प्राप्त करते हुए गुंजन सुखीजा ने भोजन माताओन को आश्वासन दिया कि अति शीघ्र मुख्यमंत्री से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा । इस दौरान जिला सचिव प्रभुशरण सिंह,उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन,संध्या सरकार हरनाम कौर ,सुधा, बसंती वैद्य, संगीता, सुनीता देवी, संजिता, मंजीता, संजना, रामवती, परमेश्वरी, उर्मिला, पारुल दास, तेजवती, रीना ,छाया देवी, आसमा, फूलवती, सरोज ,यशोदा, प्रेमवती, किरण, पुष्पा, माया ,परमजीत कौर, रेखा, राजो,क्रांति, निशा, सुखविंदर कौर ,लाजो, चंद्रावती, रुक्मणी, सोमवती, दयावती आदि शामिल रहीं ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ज्योतिष शास्त्र में सभी समस्याओं का समाधान निहित: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाद)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में छठे ज्योतिष महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय ज्योतिष महाकुंभ में देश भर के नामी



ज्योतिषाचार्य प्रतिभाग कर रहें है। महाकुंभ में प्रसिद्व ज्योतिष दो दिन नि:शुल्क परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे ज्योतिष विद्वानों का देवभूमि में स्वागत करते हुए भव्य आयोजन के लिए आयोजकों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ज्योतिष शास्त्र की लंबी परंपरा और गौरवशाली इतिहास रहा है। विगत कई वर्षों से



उत्तराखण्ड की धरती से भारत में ज्योतिष के प्रचार-प्रसार के लिए यह ज्योतिष महाकुंभ अनूठा कार्य है। हमारे प्राचीन ज्योतिष अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन नितांत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से संसार में समरसता दी जा सकती है। ज्योतिष शास्त्र में सभी समस्याओं का समाधान निहित है। पर्यावरण से लेकर समाज सुधार तक का काम ज्योतिष शास्त्र से किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि समाज हित के लिए ज्योतिष विज्ञान के जरिए सार्थक प्रयास किए जाएं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की यह धरती ज्ञान की भूमि है, कर्म की भूमि है, उपासना की भूमि है, लौकिक और अलौकिक विद्याओं और रहस्यों को उजागर करने वाली भूमि है, हमारे ऋषि-मुनियों ने ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में अनेक अनुसंधान एवं महान आविष्कार किए हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि अपना प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, गौरवशाली बौद्धिक विरासत नई पीढ़ी तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि हम सभी को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ हमारे 'इंडियन नॉलेज सिस्टम' को समझने के लिए भी अवसर निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मेडिकल साइंस की तरह ज्योतिष भी एक विज्ञान है बस इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज के सामने लाना जरूरी है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय पटल पर इस विज्ञान को सामने लाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि आप इस कार्य को कर्तव्यनिष्ठा से करते हुए देश में इस प्राचीन ज्ञान को सहेजकर रखने के साथ ही इसको जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे ताकि अपने गौरवशाली प्राचीन ज्ञान के भंडार को और संवर्धित किया जा सके। इस कार्यक्रम में एक समाचार पत्र के संपादक अनूप वाजपेयी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर मशहूर ज्योतिषाचार्य पं. सतीश चंद शर्मा, आचार्य जीडी वशिष्ट, पं. के.ए. दूबे ने ज्योतिष विज्ञान के संदर्भ में अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमर उजाला के जीएम पंकज शर्मा, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति कमल घनसाला, ज्योतिषाचार्य पं. अजय भांबी, पं लेखराज शर्मा, श्री संजीव श्रीवास्तव, श्री विनोद त्यागी, आचार्य वाई.राखी, सहित अन्य ज्योतिषाचार्य और विश्व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रभु श्री राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना हुआ साकार: सचिन

किच्छा(उद संवाददाता)। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अभियान समिति ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर घर घर प्रभु श्रीराम के चित्र,अक्षत और निमंत्रण भेंट किया। समिति के संयोजक सचिन चावला ने वार्डवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या से प्रत्येक परिवार के लिए प्रभु श्री राम के चित्र, मंदिर का निमंत्रण पत्र और अक्षत आए हुए हैं, इसके हर घर तक पहुंचाना प्रत्येक सनातनी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि पांच सौ से अधिक सालों के लम्बे इंतजार के प्रभु श्री राम को 22 जनवरी को उनके मंदिर में स्थापित किया जाएगा। 22 जनवरी भारत ही बल्कि विश्व हर देश में रहने वाले सनातन प्रेमी के महा दीपावली से कम नहीं है। इस अवसर पर श्री राम अक्षत कलश यात्रा के जिला सह संयोजक भुवन जोशी, नगर कार्यवाह कमल भाटिया,राम अवतार अग्रवाल, श्रीकांत राठौर,चंदन जायसवाल, गीता राठौर, सचिन वाल्मीकि, मुकेश राठौर, सुनीता गंगवार, भुवन तिवारी,नंदराम प्रजापति सहित सैकड़ों सनातन प्रेमी मौजूद थे।इसके अलावा मोहल्ला वार्ड नंबर 14 में घर घर जाकर प्रसाद के रूप वितरण किया और सभी को 22 जनवरी को होने जा रहे प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर वार्ड के सभी हिंदू समाज के घर-घर में दीपावली मनाने का संदेश भी दिया । यहां पर तमाम



भक्तों ने कहा कि वे भाग्यशाली पीढ़ी हैं जिन्होंने राम मंदिर को बनते हुए देख रहे है। राम लला के पूजित अक्षत,पत्रकों को लेकर, अपने वार्ड में घर घर जाकर संदेश पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रत्येक राम भक्त सनातनियों को जन-जन भागीदारी का संकल्प लिए घर-घर अक्षत और घर-घर निमंत्रण अभियान के तहत निमंत्रण पत्रिका का वितरण सनातनियों को दिया गया है। हर एक व्यक्ति अपने घरों को दीप मालाओं से प्रज्वलित करें एवं अपने आसपास के मठ मंदिरों को दीपों से सुशोभित करें और कीर्तन का गान करें यह सब एक साथ होगा तो यह दिव्य नजारा देखते ही बनेगा और एक दीपावली का एहसास कराता हुआ यह प्रत्येक दिल को राम मय कर राम की आभा प्रज्वलित करेगा। आपको समर्पित करती हूं कई 100 वर्षों के अनवरत प्रयास से 22 जनवरी 2024 का यह शुभ दिन आया है। जिसमें रामलला के नवनिर्मित मंदिर संदेश भी प्रत्येक सनातनियों को दिया गया है कि उस दिन हर एक व्यक्ति अपने घरों को दीप मालाओं से प्रज्वलित करें एवं अपने आस पास के मठ मंदिरों को दीपों से सुशोभित करें ।राम कार्य वार्ड नंबर 14 पंजाबी मोहल्ला से सह संयोजक सुनीता गंगवार बीजेपी मंडल मीडिया प्रभारी सदस्य,महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी ,नगर सह संयोजक भुवन चंद्र जोशी जी ,सुभाष तनेजा जी,नगर उपाध्यक्ष कविता मान जी ,नीतू सिंह,अर्चना गंगवार ,धनदेवी गंगवार,सिमरन कालरा, सुशीला मौर्या,रोहित ,सलोनी रस्तोगी, तथा अन्य वार्ड वासी उपस्थित रहे ।

# सैयद हसीन मियां और सैयद शहाद मियां को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। इंदिरा चौक पर स्थित हजरत सैयद मासूम शाह मियां व हजरत सैयद मियां का 86 वां सालाना उर्स के आखिरी दिन भाईचारा एकता मंच के पदाधिकरियो ने दरगाह पहुं चकर माथा टेककर क्षेत्र में अमन शांति व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उर्स मुबारक के अवसर पर भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने दरगाह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली सैयद



हसीन मियां, सैयद शहाद मियां साबरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह व कैलेंडर भी भेंट किया। इंदिरा चौक पर स्थित दरगाह पर सभी धर्म के लोग आते हैं तथा अपनी मन्नते भी मांगते हैं जहां उनकी मन्नते पूरी भी होती हैं। भाईचारे एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कहा कि तराई कौमी एकता का गुलदस्ता है और सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए तथा सभी धर्म का आदर और सम्मान करना चाहिए। इस दौरान सैयद शहाद मियां साबरी, केंद्रीय महामंत्री मुमत्याज अहमद, कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव, समाजसेवी इरशाद खान, चांद खान, सत्यजीत सरकार समेत काफी लोग उपस्थित थे।

# नियमों को ताक पर रखकर काटी जा रही अवैध कालोनी

## कालोनाइजर के खिलाफ जिलाधिकारी और विकास प्राधिकरण से शिकायत

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी में कॉलोनाइजर द्वारा आदेशों को भी ठेंगा दिखाने का काम किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ अधिकारियों से सांठ गांठ कर सरकारी चक रोड, नाला एवं गूल तथा वर्ग 4 की भूमि पर अवैध आवासीय कॉलोनी काटकर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी एवं विकास प्राधिकरण को लिखित शिकायत कर पूरे मामले की जांच कर कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी एवं विकास प्राधिकरण को लिखित शिकायत देते हुए शिकायतकर्ता हिमांशु पांडे ने आरोप लगाया कि किच्छा के हल्द्वानी मार्ग बंडिया ग्राम में खुरपिया फॉर्म की जमीन खाता संख्या 223 कुल रकबा 4.90 हेक्टेयर जोकि मैंसर्स केसर शुगर वर्क्स (बहेड़ी) के नाम दर्ज है, यह जमीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के सैटेलाइट सेंटर के निकट होने के चलते फ्रिज जोन में आती है तथा 22 फरवरी 2023 को जारी शासनादेश के अनुसार फ्रिज जोन में समस्त प्रकार के निर्माण व विकास कार्य गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार खाता संख्या 223 में 4.90 हेक्टेयर जमीन को मैसर्स एलाइड प्लस इंफ्रा एंड अदर्स ने केसर शुगर बहेड़ी से एग्रीमेंट द्वारा वर्ष 2017 में क्रय कर लिया। बताया कि एलाइड प्लस इंफ्रा एंड अदर्स कंपनी का रजिस्ट्रेशन 17 मार्च 2016 में हुआ है तथा उत्तर प्रदेश जमीदारी एवं लैंड रिफॉर्म एक्ट 1950 के उत्तराखंड संशोधन के मुताबिक कोई भी व्यक्ति समिति या कंपनी जोकि 2 सितंबर 2003 से पूर्व उत्तराखंड में किसी भी भूमि का मालिक ना हो, उसके द्वारा कोई भी भूमि उत्तराखंड में क्रय नहीं की जा सकती, जिसके अनुसार जमीन खरीद का किया गया एग्रीमेंट असंवैध ानिक व गैरकानूनी हो जाता है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब इस कंपनी का अस्तित्व ही 2016 में रजिस्ट्रेशन के बाद आया है तो 2003 से पहले इस कंपनी का उत्तराखंड में भूमिधर होने का सवाल ही नहीं पैदा होता तथा इस कंपनी के द्वारा किए गए सारे क्रियाकलाप गैरकानूनी हैं। आरोप है कि उपरोक्त एग्रीमेंट के आधार पर इस जमीन का एक अवैध मानचित्र टाउन प्लानर हल्द्वानी से स्वीकृत कराया गया, जिसकी अवधि 3 वर्ष की थी जो कि वर्ष 2020 में समाप्त हो चुकी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अवैध रूप से काटी जा रही आवासीय कॉलोनी में नदी,नाला, चक रोड, गूल व 2 एकड़ वर्ग 4 की भूमि स्थित है, जिस पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है तथा मानचित्र स्वीकृत करने के दौरान सेटिंग गेटिंग के खेल में नदी, गूल, चक्रोड एवं वर्ग 4 की भूमि की अनदेखी की गई तथा वर्तमान में मिट्टी का भरान करते हुए सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए अवैध कॉलोनी का हिस्सा बना लिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार स्वीकृत किए गए मानचित्र के आधार पर रेरा द्वारा 27 दिसंबर 2017 को पंजीकरण जारी किया गया, जिसकी अवधि 27 दिसंबर 2020 को समाप्त हो चुकी है तथा रेरा में इस प्रोजेक्ट का नाम पंचवटी गार्डन रजिस्टर्ड हुआ है। उक्त मानचित्र पर रेरा की आड़ में एलाइड पल्स इंफ्रा एंड अदर्स कंपनी ने कई लोगों को प्लाट बेचते हुए उनसे लाखों रुपए प्राप्त कर लिए ,जबकि आज तक उन लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो पाई है और प्लाट खरीदने वाले लोग कई सालों से दर-दर भटक रहे हैं। शिकायत के अनुसार किच्छा बायपास काली मंदिर के निकट काटी गई अवैध कॉलोनी में कोई भी विकास कार्य जैसे सड़क, नाली, पानी, एसटीपी प्लांट, पार्क आदि का कोई भी लाभ न देकर रेरा की समस्त शर्तों व नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया गया तथा 27 दिसंबर 2020 को रजिस्ट्रेशन समाप्त होने के उपरांत भी रेरा द्वारा 25 प्रतिशत बंधक प्लाटों का भी कब्जा नहीं लिया गया एवं किसी प्रकार की कोई



कार्यवाही नहीं किए जाने से प्रतीत हो रहा है कि रेरा के अधिकारी भी एलाइड कंपनी से मिलीभगत कर अवैध कॉलोनी को संरक्षण दे रहे हैं। शिकायतकर्ता हिमांशु पांडे ने बताया कि खाता संख्या 223 रकबा 4.90 हेक्टेयर जो कि मैंसर्स केसर शुगर वर्क्स बहेड़ी के नाम दर्ज है तथा इस जमीन की मलकियत को लेकर भी केसर शुगर वर्क्स और पन्ना विजय शाह के बीच विवाद चल रहा है तथा पन्ना विजय शाह द्वारा न्यायालय चकबंदी के न्यायालय में वाद संख्या 61 /2022-23 में दर्ज है जिसके अनुसार न्यायालय द्वारा उक्त जमीन की खरीद -फरोख्त, खुर्द -बुर्द एवं विक्रय किए जाने पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी एवं विकास प्राधिकरण को दिए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एलाइड पल्स इंफ्रा के डायरेक्टर विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी, एनएच घोटाला, रुद्रपुर में गंगापुर रोड एवं दिल्ली हाईवे रोड पर भी सरकारी जमीनों के घोटाले में शामिल रहे हैं तथा अन्य कई प्रकार के मामले भी लंबित है। बावजूद इसके कॉलोनी के बाहर ऑफिस का निर्माण करते हुए अवैध कॉलोनी में प्लाटों की खुलेआम खरीद फरोख्त का काम कर आम जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। नियम कानून को ताक पर रखकर किच्छा के हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के निकट काटी गई अवैध कॉलोनी के मामले में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विकास प्राधिकरण एवं कुछ अधिकारियों के संरक्षण में कॉलोनाइजर को निजी स्वार्थ के तहत संरक्षण देकर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के आदेशों की खुली अवहेलना की जा रही है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत द्वारा बिना पंजीकरण एवं नियम कानून को ताक पर रखकर काटी जा रही अवैध कालोनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारियों पर कुमाऊं कमिश्नर के आदेश भी बेअसर साबित हो रहा है।इस संबंध में जिलाधिकारी एवं जिला विकास प्राधिकरण के आला अधिकारीयों से जब जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो संपर्क नही हो पाया जबकि संबंधित कॉलोनाइजर से भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उससे भी संपर्क नही हो पाया बहरहाल प्रकरण शिकायत कर्ता की मांग पा जांच का विषय बनता जा रहा है।